संयुक्तांक अप्रैल-मई - 2024

# दीप कमल



फिर एक बार मोदी सरकार

## अब की बार 400 पार

# विकसित भारत

## मोदी की गारंटी



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश ने जिस प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है, वह अपने आप में इस बात की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत एक नई ऊंचाईयों को छूने को तैयार है, एक विकसित भारत बनने को तैयार है

- 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला
- भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा
- भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था
- चंद्रयान-3 के साथ चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचे
- धारा 370 हटाया, जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल
- सौभाग्य योजना से 100% घरों में बिजली पहुंचाई

**कमल का बटन दबायें विकसित भारत बनायें**





# दीप कमल

वर्ष-20, अंक-4, संयुक्तांक अप्रैल-मई 2024

**संपादक**
पंकज कुमार झा

**प्रबंध संपादक**
हेमंत पाणिग्रही

**मुद्रक एवं प्रकाशक किरण देव द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, मूणत ऑफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।**

**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

**ई-मेल**
mydeepkamal@gmail.com

**फोन**
0771-2233500,
2233511


# सोशल मीडिया से

**Narendra Modi** @narendramodi

It was very special to witness the conferring of the Bharat Ratna upon Shri LK Advani Ji. This honour is a recognition of his enduring contributions to our nation's progress. His dedication to public service and his pivotal role in shaping modern India have left an indelible mark on our history. I am proud to have got the opportunity to work with him very closely over the last several decades.



**Jagat Prakash Nadda (...** @JPNadda Follow

आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी ने 'पीएम-स्वनिधि योजना' के अन्तर्गत 1 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय के उन्नयन हेतु लोन वितरित कर दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में दो अतिरिक्त कॉरिडोर की आधारशिला रखी।

यह योजना लघु व्यवसाय चला रहे हमारे रेहड़ी-पटरी वाले भाईयों के लिए संजीवनी सिद्ध हुई है। चतुर्थ चरण का यह कॉरिडोर कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ दिल्ली के लोगों की यात्रा सुगम बनाएगा। विगत 10वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में 'अंत्योदय' का हमारा संकल्प समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को संबल प्रदान कर रहा है।

समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण का हमारा संकल्प व 'मोदी की गारंटी' पर जन-जन का विश्वास 'विकसित भारत निर्माण' का पथ प्रशस्त कर रहा है। इन सौगातों के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ।

**Rajnath Singh (मोदी का...** @rajnathsingh Follow

आज रायपुर में विशाल 'किसान महाकुंभ' में भाग लेकर प्रधानमंत्री श्री @narendramodi के नेतृत्व में कृषि के विकास और किसान कल्याण के लिए किए जा रहे कामों की विस्तार से चर्चा की।

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के सौ दिन के भीतर विकास पुनः पटरी पर लौटा है और एक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में प्रयास प्रारंभ हो गये हैं।

Translate post



**Vishnu Deo Sai (Modi Ka Parivar)** @vishnudsai

कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है और यह बात प्रदेश की जनता अच्छे से जानती है। उन्हें केवल पीएम मोदी और भाजपा की गारंटियों पर भरोसा है। सबका एक ही कहना है - मोदी हैं तो मुमकिन है।

आज की सभा में विशाल जनसैलाब को देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि कांकेर लोकसभा में पुनः भाजपा की जीत तय है।

विशाल जनसभा 📍 डौंडीलोहारा, बालोद

Translate post



**Kiran Deo** 1d

"मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा में खिलाएंगे कमल"

आज कांकेर लोकसभा अंतर्गत सिहावा नगरी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विशाल जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, कैबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप जी, कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री भोजराज नाग जी, सांसद श्री मोहन मंडावी जी, कांकेर लोकसभा संयोजक श्री भरत मटियारा जी, महाराजा श्री कमलचंद भंजदेव जी, जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश बैस जी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



**Bjp Chhattisgarh** 3h

कांग्रेस ने टैक्स जमा किए नहीं और आयकर विभाग को दोषी बताकर जनता के सामने गलतफहमी फैलाकर रोना रो रही है



# मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन




लोकतंत्र में न केवल लोकलाज आवश्यक है, अपितु वह लोक के भरोसे से ही चलता है। लोकतंत्र ही क्यों, भरोसे के बिना तो कोई भी प्रणाली या तंत्र चल ही नहीं सकता। आखिरकार कागज पर लिखे चंद अंक और उस पर भारत के रिजर्व बैंक के गवर्नर के दिए वचन को ही हम धन मानते हुए, हम उसे कमाने में अपनी सारे ऊर्जा लगा देते हैं। जिस क्षण वचन का वह भरोसा समाप्त या कम हुआ, उसी क्षण ही सारी अर्थव्यवस्था धराशायी हो जायेगी। राजनीति में भी 'विश्वास' का यही महत्त्व है। नेताओं और पार्टियों द्वारा दिए गए वचन पर भरोसा करते हुए ही जनता उन्हें जनादेश देने या नहीं देने के बारे में निर्णय करती है। उस भरोसे का टूटना वास्तव में तंत्र के लिए प्रलय लाने जैसा साबित हो सकता है।

ऐसे ही टूटे हुए भरोसे और ठगे जाने के एहसास को अपने अंतर में समेटे छत्तीसगढ़ की जनता इस दिसंबर माह को मतदान केंद्र तक गयी थी। अपने साथ कांग्रेस द्वारा किये गए विश्वासघात के विरुद्ध उन्होंने प्रदेश में फिर भाजपा पर, मोदीजी की गारंटी पर भरोसा जताया, पांच वर्ष पहले हुई दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक ठगी का जवाब जनता ने कांग्रेस को देते हुए भाजपा को सीटों और मत प्रतिशत की दृष्टि से भी ऐतिहासिक समर्थन दिया। पिछली बार कांग्रेस के झांसे में आ गये छत्तीसगढ़ के मतदाता ने इस बार उन्हें सबक सिखाया भी। उनके पांच वर्ष पुराने कथित जन घोषणा पत्र को जिसे स्वयं कांग्रेस ने ही कूड़ेदान में डाल दिया था, का जवाब देते हुए छत्तीसगढ़ को फिर से विकास की दृष्टि से भी सबले बढ़िया बनाने वाली भाजपा को भर-भर कर अपना समर्थन दिया। उसके बाद प्रतिसाद देने में, भरोसा बहाल करने में भाजपा ने भी देरी नहीं की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शपथ लेते ही भाजपा के वचन अनुरूप ही सीएम आवास में तो काफी बाद में गए, 18 लाख पीएम आवास उन्होंने कुछ घंटों के भीतर ही दे दिया। इतना ही नहीं बल्कि



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

वादे से आगे जा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया गया।

उसके बाद तो खैर घोषणा पर आधारित सौगातों की ऐसी बारिश हुई कि इतिहास रच दिया गया। इतने कम समय में इतना अधिक देने का रिकॉर्ड और किसी सरकार का हो, ऐसा ध्यान नहीं है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के मात्र 115 दिन पूरे किये हैं, किंतु इतने समय में ही किसानों का दो वर्ष का बकाया बोनस 37 सौ करोड़ से अधिक, जिसे कांग्रेस ने वादा करने के बावजूद नहीं दिया था, रिकॉर्ड 145 लाख करोड़ धान खरीदी, रिकॉर्ड 3100 रूपये की कीमत पर, रिकॉर्ड 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 25 लाख से अधिक किसानों से.. इस तरह केवल धान के मद में 45 हजार करोड़ से अधिक की राशि शासन ने सीधे किसानों के खाते में पहुचाई है। इसके अलावा 70 लाख से अधिक महिलाओं को 12 हजार रुपया सालाना देने का निर्णय जिसकी दो मासिक किश्त अभी तक उनके खाते में भेजी जा चुकी है...

फिर मोदी की गारंटी के अनुरूप ही तेन्दूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4000 रूपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरूआत कोण्डागांव जिले से कर दी है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए चरण पादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी। शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पहल की गयी है। यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच, श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बनने से लेकर शासकीय नौकरियों में स्थानीय निवासियों को आयु सीमा में छूट, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने, राज्य में 42 से अधिक परिवार को प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने, एकल बत्ती कनेक्शन धारी परिवारों को 30 यूनिट खपत तक निःशुल्क बिजली प्रदान करने....

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता, शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना, खनिज विभाग में फिर से ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू करना, जिसे कांग्रेस ने इसे ऑफ़लाइन कर सबसे बड़ा घोटाला किया था, जिसकी जाँच चल रही है और अनेक अधिकारी-नेतागण जेल में हैं।

इसी प्रकार नियद नेल्लानार योजना, राज्य के 5 शक्तिपीठों के विकास की विस्तृत योजना, दो बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, डॉ भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर और छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर (सिम्स) में भवन के विस्तार और सुविधाओं के विकास के लिए 01 हजार 500 करोड़ रुपए का प्रावधान ग्रामीण घरों को नल से जल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान, मंडी शुल्क को 2 प्रतिशत घटाने की घोषणा, जिस शुल्क को हटाने का वादा कर कांग्रेस ने उसे दुगना कर दिया था, राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए बजट में 300 करोड़ रूपए का प्रावधान, एम्स की तर्ज पर सभी संभागीय मुख्यालय में सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल खोलने का प्रावधान.... जैसी योजनाओं और फैसलों का जिक्र करते-करते आप थक जायेंगे, लेकिन कार्यों की सूची समाप्त नहीं होगी। बहरहाल!

क्योंकि इसी महीने से लोकसभा चुनाव के लिए मतदान प्रारम्भ होगा तो जनता के मन में मोदीजी के दस वर्ष की उपलब्धियों का ध्यान तो है ही। श्रीराम मंदिर निर्माण से लेकर कश्मीर में 370 समाप्ति तक, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से लेकर भारत को पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने तक, मोदीजी के कार्यकाल की इतनी उपलब्धियां हैं, जिस पर दर्जनों पुस्तकें लिखी जा सकती हैं, दर्जनों लिखे गए भी हैं।

छत्तीसगढ़ में डबल इंजिन की सरकार अर्थात मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में सांय-सांय छत्तीसगढ़ सिरमौर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश के मतदाता के पास फिर से इस विकास पर बटन दबाने का अवसर आया है। निस्संदेह जनता का आशीर्वाद फिर से मिलेगा और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें भाजपा जीतेगी, इसमें कोई संदेह का कोई भी कारण प्रदेश में नजर नहीं आ रहा है। शुभकामना! ।•••

mydeepkamal@gmail.com

पंकज...



# जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा प्रेरणादायी

**प्रभात झा**

4 अप्रैल 1980 की बात है। जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष स्व चंद्रशेखर जी, मोहन धारिया एवं स्व मधु लिमये जनता पार्टी के जनसंघ घटक से बार-बार कह रहे थे कि आपकी दोहरी सदस्यता नहीं चलेगी। आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपनी सदस्यता खत्म करनी होगी। तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी लगातार समझाते रहे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है। बाल्यकाल से हमने वहां से संस्कार प्राप्त किये हैं। संघ में कोई सदस्यता नहीं होती, संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जो देश की संस्कृति, भारतीय परंपरा, राष्ट्रवाद एवं सनातन धर्म के लिए काम करता है। बावजूद इसके जनता पार्टी के अन्य घटक दलों ने नहीं मानी। जबकि सच्चाई यह थी कि आपातकाल के बाद जनसंघ भारत का पहला राजनैतिक दल था जिसने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने दल का नाम और चुनाव चिन्ह दीपक भी मिटा दिया। अटलजी और आडवाणीजी की बात जनता पार्टी नेताओं ने यहां तक की मोरारजी भाई देसाई जो उस समय प्रधानमंत्री थे, उन्होंने भी इस विषय पर नही सुनी और चुप्पी साध ली। मुझे आज भी स्मरण है कि अटलजी ने और आडवाणीजी ने तत्कालीन पूर्व संगठन मंत्री सुंदर सिंह भंडारी जी से आग्रह किया कि 4 अप्रैल 1980 को देश के अपने सभी प्रांतों और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक बुलाई जाए।

हमारे मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और ग्वालियर के तत्कालीन सांसद नारायण कृष्ण शेजवलकर भी उस बैठक में गए। मैं समाचारपत्र में था और देश में जनसंघ का पहला अपना निजी कार्यालय जो ग्वालियर में बना था, उसमें रहता था। मैं भी स्वर्गीय शेजवलकर जी के साथ बैठक में बतौर पत्रकार चला गया। बैठक प्रारंभ हुई। पहले आडवाणीजी ने जनता पार्टी से उत्पन्न सभी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि दोहरी सदस्यता के नाम जनता पार्टी के अन्य घटक हमें संघ के 'स्वयं सेवक' नहीं रहने और उनके कार्यक्रमों के साथ-साथ संघ की सदस्यता छोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने और अटलजी ने जनता पार्टी के नेताओं को बहुत समझाने की कोशिश की और कहा कि संघ में सदस्यता नही होती है संघ से हमारा वैचारिक संबंध है। लेकिन जनता पार्टी नेताओं और अन्य घटकों को यह बात समझ में नहीं आई। वहां उपस्थित सर्वश्री जगन्नाथ राव जोशी, भैरो सिंह शेखावत, सुंदर सिंह भंडारी, केदारनाथ साहनी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, शांता कुमार, विजय कुमार मल्होत्रा, कुशाभाऊ ठाकरे, जे.पी. माथुर, कैलाशपति मिश्र, उत्तम राव पाटिल, विष्णुकांत शास्त्री, ओ. राजगोपाल, यज्ञदत्त शर्मा, मदनलाल खुराना, अश्विनी कुमार, केशुभाई पटेल, यदुरप्पा जी सहित देश के सौ सवा सौ से अधिक नेताओं ने एक साथ कहा कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोंपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़ना पड़े।

अंत में सभी की भावना सुनकर अटलजी भाव विभोर हो गए और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और सदैव रहेंगे। लेकिन अब जनता पार्टी के सदस्य नहीं रहेंगे। उपस्थित सभी नेताओं ने अटल जी की बात सुनकर तालियां बजाई और एक स्वर से कहा कि हमने जनसंघ राजनैतिक दल जनता पार्टी में मिलाया था, पर जनसंघ के कार्यकर्ता तो आज भी गांव-गांव में हैं। जनसंघ के कार्यकर्ताओं और संघ के सहयोग के कारण ही जनता पार्टी को देश में इतनी सीटें सन 1977 में आपातकाल खत्म होने के बाद मिली। बैठक में एक समिति सुंदर सिंह भंडारी की अध्यक्षता में बनाई गई, और इस समिति को नया दल, नया चुनाव चिन्ह और नया संविधान बनाने का कार्य सौंपा गया।

6 अप्रैल 1980 को पुनः देशभर के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई और नये दल भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। चुनाव चिन्ह कमल का फूल घोषित किया गया और दल का संविधान बनाने का कार्य शुरू हुआ। भाजपा बन गई। इसका पहला अधिवेशन मुंबई के माहिम क्षेत्र में आयोजित किया गया। सभी वरिष्ठ नेतृत्व ने एक स्वर में जनसंघ के तीन बार अध्यक्ष रहे अटल बिहारी वाजपेयी को लाखों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। अनेक प्रस्ताव पारित हुए। जनसंघ घटक से क्यों अलग हुआ, जनता पार्टी क्यों टूटी, उसपर भी आडवाणी जी ने विचार रखें। उसी शाम अपने अध्यक्षीय भाषण में अटल जी ने कहा "अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा"। इसी अधिवेशन में प्रसिद्द न्यायाधीश एम. सी. छागला भी उपस्थित थे। मंच के पीछे बैनर पर लिखा था गद्दी छोड़ो कि जनता आती है। इस अवसर पर छागलाजी ने कहा था कि मैं अपनी आंखों के सामने देख देख रहा हूं कि भाजपा आ रही है और भविष्य में देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी होंगे।




भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

सन 84 में चुनाव हुए। चुनाव के बीच में ही इंदिरा जी की हत्या हो गई। भाजपा को देश में सिर्फ दो ही सीटें मिलीं। एक गुजरात के मेहसाणा से अशोक पटेल और दूसरा आंध्र प्रदेश से जंगा रेड्डी चुनाव जीते। यहां तक कि अटल जी ग्वालियर से 84 के चुनाव में माधवराव सिंधिया से हार गए। देश में निराशा छा गई। अटल जी उठे, कहा कि हम चुनाव हारे हैं लड़ाई नहीं। हम दुगुनी ताकत से पूरे देश में कमल खिलाएंगे। कार्यकर्ता तो देश भर में थे। राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व ने पूरे भारत का अखंड प्रवास कर छोटे बड़े कार्यकर्ताओं और भारत की जनता को जगाने का कार्य जारी रखा। धीरे-धीरे हर लोकसभा चुनाव में भाजपा की संख्या बढ़ती गई। सन 1989 में 85 सीटें और सन 1991 में भाजपा को 120 सीटें मिलीं। एक स्थिति यह आई कि सन 1996 के चुनाव में भाजपा को 182 सीटों पर जीत मिली। सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने अटल जी को प्रधानमंत्री की शपथ के लिए बुलाया। अटल जी ने प्रधानमंत्री की शपथ ली। लेकिन वह सरकार मात्र 13 दिन तक चली। फिर चुनाव हुए, पुनः भाजपा को सहयोगियों के साथ यानी उस समय के एनडीए के साथ अच्छी सीटें मिलीं। अटल जी पुनः 13 महीने के लिए प्रधानमंत्री बने। सहयोगियों ने धोखा दिया और अटल जी की सरकार एक वोट से गिर गई। अटल जी ने अपना इस्तीफा देने से पहले संसद में अपने भाषण में कहा ' सरकारें आएंगी जाएंगी लेकिन हम खरीद-फरोख्त से बनी सरकार को चिमटी से भी नहीं छुएंगे। हालांकि 1990 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश, हिमाचल और राजस्थान में भाजपा की बहुमत से सरकारें बन चुकी थीं। इन राज्यों के चुनावों में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई थी।

सन 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार सभी सहयोगी दलों के सहयोग से बनी और अटलजी तीसरी बार पांच साल तक प्रधानमंत्री बने रहे। फिर सन 2004 में लोकसभा चुनाव में भाजपा पराजित हुई और यूपीए की सरकार बनी। उसके बाद यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री राजनेता कम नौकरशाह रहे डॉ. मनमोहन सिंह बने। यह सरकार दस साल चली। इन दस सालों में यूपीए सरकार घोटालों में डूब गई। पूरे देश में यूपीए से देश के करोड़ों लोग निराश हो चुके थे। लेकिन इतिहास करवट लेता है। गुजरात में बारह वर्ष शानदार सरकार चलाने वाले नरेंद्र मोदी को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने लोकसभा चुनाव के प्रचार का संयोजक और कुछ दिनों बाद उन्हें भाजपा की ओर से देश का भावी प्रधानमंत्री बनाने की दलीय घोषणा की। नरेंद्र भाई का नाम आते ही देश में एक नए राजनैतिक युग का संचार हुआ। नई आशाएं जगी उम्मीदों की नई किरणें दिखने लगी। गुजरात के विकास की अमिट छाप देश ने देखा था। नरेंद्र मोदी ने भारत का अखंड प्रवास कर पूरे देश का विश्वास जीता और तीस वर्ष बाद किसी एक पार्टी (भाजपा) की बहुमत की सरकार बनी। कुल सीटें भाजपा की 282 एवं एनडीए की 336 आई। उसके बाद प्रधानमन्त्री एक दिन भी नही रुके। उनके कदम बढ़ते गए। इसी बीच में राजनाथ सिंह देश के गृह मंत्री बने और भाजपा के नए अध्यक्ष भाजपा के महामंत्री और यूपी के प्रभारी रहे अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। संगठन का कार्य संभालते ही अमित भाई ने अपने अखंड प्रवास और अनेकानेक कार्यों और कार्यक्रमों से पूरे भारतवर्ष में भाजपा को खड़ा कर विश्व में भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। हर जिलों में भाजपा कार्यालय सहित 12 ऐसे कार्य सौंपे जिसे भाजपा के हर जिलों में होना ही था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां चन्द्रमा पर तिरंगा वैज्ञानिकों से फहरवाया, वहीं भाजपा को यानि एनडीए को शीघ्र ही राजनीति में एवरेस्ट की चोटी पर लाकर खड़ा कर दिया। पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक आज भाजपा और एनडीए का झंडा फहरा रहा है। भारत को परिवारवाद, वंशवाद की राजनीति से मुक्त, भ्रष्टाचार से मुक्ति और गरीब, महिला, किसान, युवा के लिए अपनी सरकार समर्पित कर दी। आज जहां विश्वभर में मोदी जी का लोहा माना जा रहा है, वहीं पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान को दिखा दिया की अगर आंख दिखाओगे तो हम अब आंख नहीं दिखाएंगे, बल्कि आंख निकालेंगे। भारत के गांव गरीबों की ही नहीं बल्कि विकास के इतने आयाम तय किए कि सन 2019 में भाजपा को 303 सीटें अकेले मिली। और एनडीए को कुल 352 सीटें मिली। 26 मई 2014 से लेकर अब तक एक दिन भी आराम न करने और छुट्टी नहीं मनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो अपनी 100 वर्षीय माता जी के निधन के दिन भी अंत्येष्ठि के 3 घंटे बाद भारत माता के राष्ट्रीय कर में जुट गए। वे तब से लेकर अभी तक न थमें, ना थके और ना रुके। इतना ही नही उन्होंने 10 वर्षों में दीपावली उन सैनिक के बीच जो सरहद पर भारत माता की रक्षा के लिए घर-द्वार छोड़कर काम करते हैं उनके बीच जाकर मनाई और सैनिकों को विश्वास दिलाया कि वे सैनिकों के साहस को सदैव सेल्यूट करते हैं।

सन 2024 का यह पहला लोकसभा चुनाव है जहां देश की करोड़ों जनता ही नहीं, दबे शब्दों में सभी विपक्ष कह रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और मोदी जी फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यह आठवां आश्चर्य है कि लोकसभा चुनाव होने की दिशा में बढ़ रहा है और परिणाम 4 जून 2024 को आएगा, पर देश ने चुनाव से पहले ही अपना जनस्वरों में परिणाम दे दिया है कि अपनी 45वी वर्षगांठ पर भाजपा पुनः तीसरी बार आएगी, कमल खिलेगा और मोदी जी आएंगे और उनकी गारंटी पर देश मुहर लगाने को तत्पर है।

मोदी जी ने जन संघ के जमाने में घोषणा पत्र में जो बातें आज तक कहीं जा रही थी, उसे साकार करने की दिशा में एक पल भी नहीं गंवाया। आज विश्व उनका लोहा मान रहा है। वे पिछले 10 वर्षों में भारत के युग पुरुष ही नहीं बल्कि विश्व के युग पुरुष बनने की दिशा में बहुत आगे निकल गए। 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद आगामी 5 वर्ष और 2047 तक भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर ले जाने का आत्मविश्वास दिखाया है। यह बात देशवासियों के मन और मस्तिष्क में इस कदर बैठ गया है कि देश स्वयं कह रहा है कि 'अबकी बार फिर मोदी सरकार'। ●●●

**लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।**



# चरैवेति-चरैवेति के मंत्र से भाजपा का विस्तार

**धरमलाल कौशिक**

6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना की 44वीं वर्षगांठ मना रही है। जनसंघ से लेकर भाजपा के रूप में निरंतर आगे बढ़ रही इस यात्रा में लक्षावधी कार्यकर्ताओं का अहर्निश योगदान है। भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक विस्तार देने, उसे पल्लवित और पोषित करने में हर वर्ग ने भरपूर स्नेह दिया है। समाज जीवन में भाजपा की स्वीकार्यता के पीछे राष्ट्रवादी विचार, राष्ट्र प्रेम सर्वोपरि होने के साथ अंत्योदय का वह दर्शन है, जिसके साथ हमने कभी समझौता नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान एकात्म मानववाद और अंत्योदय की व्यावहारिक अभिव्यक्ति हमारे संगठन की रीति-नीति से लेकर सरकारों की लोकनीति में स्पष्ट परिलक्षित होती है। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में यदि स्थापित हुई है, तो उसके पीछे जनकल्याण को लेकर हमारी वह राजनीतिक पूंजी है, जिसे हमने अंत्योदय के मार्ग पर आगे बढ़कर अर्जित किया है। आज विश्व के कोने-कोने में भारतीय जनता पार्टी, उसकी विचारधारा तथा लोककल्याण के मॉडल पर शोध हो रहे हैं। एक राजनीतिक दल, उसके कार्यक्रमों तथा कार्यकर्ताओं को समाज में जिस प्रकार स्वीकृति प्राप्त हो रही है, उसका अध्ययन हो रहा है ।

आज जब राजनीतिक दलों के लिए राजनीति परिवार, जाति और आर्थिक हितों के संवर्धन का जरिया बन गई है, ऐसे समय में भाजपा ने जनधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, आयुष्मान भारत योजना के जरिए राजनीति को समाजनीति में बदलने का कार्य किया है। करगिल विजय, पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए हमने दुनिया को बताया है कि भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जम्मू एवं कश्मीर से धार 370 को खत्म करने से लेकर नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू कर हमने अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता के प्रति कथनी और करनी में साम्य को पुष्ट किया है।

मैं जिस छत्तीसगढ़ राज्य से आता हूं, उसका गठन भारतीय जनता पार्टी की समावेशी दृष्टि के कारण संभव हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इसे चरितार्थ किया। छत्तीसगढ़ के लिए यह एक ऐसी उपलब्धि थी, जिसके बाद यहां की जनता के लिए भाजपा एक राजनीतिक संगठन से बढ़कर परिवार हो गई है । भाजपा सरकारों की लोककल्याण को लेकर राजनीतिक प्रतिबद्धता को छत्तीसगढ़ की जनता ने समय-समय पर प्रचंड बहुमत वाले चुनावी प्रतिसाद के रूप में पुष्ट किया है। छत्तीसगढ़ जनसंघ के जमाने से ही एकात्म मानववाद और अंत्योदय की उर्वर भूमि रही है। भाजपा संगठन को भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों से लेकर शीर्ष नेतृत्व का पाथेय रूपी वैचारिक निधि प्राप्त होता रहा है। अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय का छत्तीसगढ़ को विशेष स्नेह प्राप्त हुआ है। वहीं भाजपा के पितृपुरुष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी के लिए शायद ही कोई वर्ष रहा हो जब दो-तीन बार छत्तीसगढ़ के प्रवास पर न रहे हों। मुझ समेत छत्तीसगढ़ भाजपा की वर्तमान पीढ़ी के अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे हैं। प्रदेश में संगठन को लेकर उनके अपनत्व को इसी बात से समझ सकते हैं कि 2004 में डॉ रमन सिंह जी के नेतृत्व में जब भाजपा की सरकार बनी तो अस्वस्थ होने के बाद भी वह शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। 2003 में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यपरिषद की बैठक प्रदेश की राजधानी रायपुर में संपन्न हुई। श्री लालकृष्ण आडवाणी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, श्री राजनाथ सिंह, श्री नितिन गडकरी और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी का छत्तीसगढ़ संगठन को समय-समय पर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है।

विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का छत्तीसगढ़ प्रेम सर्वविदित है। भाजपा में संगठन महामंत्री के दायित्व के दौरान राज्य के बस्तर अंचल में कई बार उन्होंने न सिर्फ प्रवास किया बल्कि यहां की भौगोलिक, जनसांख्यिकी एवं लोक रंग के अध्ययन में उनकी विशेष रूचि रही है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ के विकास को उन्होंने विशेष प्राथमिकता दी है। इस समय देशभर में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने अबकी बार 400 पार का जो लक्ष्य दिया है, सच्चे अर्थों में यह एक राजनीतिक लक्ष्य नहीं अपितु राष्ट्र के नवनिर्माण में प्रत्येक राज्य और वहां के मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान है। |•••

**लेखक : छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं**



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# लोकसभा का यह चुनाव सरकार बनाने का नहीं, इतिहास बनाने का है : शिवप्रकाश

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा दिया पर 25 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में गरीबी रेखा के बाहर आए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएँ बनाईं हैं। श्री शिवप्रकाश ने कहा कि 10 वर्षों में देश बहुत बदल गया है। एयरपोर्ट, रेलवे, सड़कें सबमें कमाल काम हुआ है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है। श्री शिव प्रकाश रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जारी घोषणा पत्र को कांग्रेस ने न्याय पत्र नाम दिया है। वस्तुतः यह कांग्रेस का अन्याय पत्र है। कांग्रेस आज संविधान की बात कर रही है। जिस कांग्रेस ने बाबासाहब भीमराव अंबेडकर का विरोध किया, उन्हें संसद में जाने से रोका, उन्हें जीतने नहीं दिया, उन्हें भारत रत्न नहीं दिया, वह कांग्रेस आज संविधान बचाने की बात कर रही है। वह संविधान के खतरे में आने की बात कर रही है।

छत्तीसगढ़ के उप मुखयमंत्री अरुण साव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में एक ही नारा चल रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। अब कांग्रेस को शून्य पर आउट करना है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 9 सीटें जीती थीं। इस बार हम पूरी 11 लोकसभा सीटे जीतें, इसके लिए विधि प्रकोष्ठ की पूरी ताकत लगनी चाहिए। बुद्धिजीवी वर्ग के बीच जाकर अधिकवक्तागण प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपलब्धियों की चर्चा करें।



**कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया, मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला**

**पहले केवल सुनाई आता था अनजान चीज को हाथ न लगाए बम हो सकता है अब किसी की हिम्मत नहीं**

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने उपस्थित विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से जिलावार जानकारी ली और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीतिगत बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश सिंह और अनिल सोनी रायपुर आए थे जिन्होंने निर्वाचन से जुड़ी हुई बारीकियों से अधिवक्ताओं को अवगत कराया और उनका मार्गदर्शन किया।श्री सिंह और श्री सोनी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सम्मेलन में आए अधिवक्ताओं को निर्वाचन और विधिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

## भाजपा प्रवेश का सिलसिला जारी, 500 अधिवक्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों व भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता लेने का सिलसिला चल रहा है। रविवार को विधि प्रकोष्ठ के प्रादेशिक सम्मेलन में प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री व रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में प्रदेशभर के 500 अधिवक्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# बस्तर में बदलाव की बयार, फिर से मोदी सरकार




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर में विशाल नामांकन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महेश कश्यप मतलब विष्णुदेव साय। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। वोट बैंक के रूप में आदिवासियों के वोट लेते रहे, लेकिन आदिवासियों का विकास नहीं हुआ। पांच साल कांग्रेस पार्टी की सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूटा है। बस्तर और सरगुजा का विकास रोकने का काम किया। अब एक बार फिर कांग्रेस को सबक सिखाने का मौका मिला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मतदाताओं का आशीर्वाद मिला और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज कर सरकार बनाई, उसी तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को जिताकर हमें संसद में भेजना है। ये चुनाव मोदी जी का है और हम सभी को मिलकर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है।

# एटीएम कांग्रेसी लड़ रहे अंतिम लड़ाई




कांकेर लोकसभा के नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव हमारे देश के लिए सबसे बड़ा चुनाव है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव है। प्रधानमंत्री श्री मोदी 10 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में सबका साथ -सबका विकास- सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूल मंत्र मानकर देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबके लिए काम कर रहे हैं। श्री साय ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन दाखिले के मद्देनजर भाजपा द्वारा आयोजित महती रैली को संबोधित कर अपील की कि श्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए कांकेर से श्री नाग को सांसद बनाकर संसद भेजना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कांग्रेस व उसकी पिछली भूपेश सरकार पर जमकर हमला व बोला कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी लेकिन कांग्रेस ने उस जनादेश का सम्मान नहीं किया और पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और लूट मचाई।


भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# #पहली लाठी मुझे मारो




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर दिये गए अमर्यादित बयान के लिए मैं चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूँ कि अगर उनमें हिम्मत है तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूँ, पहली लाठी मुझे मारे। कांग्रेसियों ने पहले भी मोदी जी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था। कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय महासमुंद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के नामांकन रैली में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मोदी जी के पहले कार्यकाल में मुझे उनके साथ पूरे 5 साल एक सांसद और राज्यमंत्री के रूप में काम करने का सुअवसर मिला। मोदी जी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है।

# भूपेश के विदाई की बेला के हम सब साक्षी होंगे




मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली में शामिल होते कहा कि भूपेश है तो भ्रष्टाचार है, इसी नारे के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पांच साल सत्ता के आनंद में मस्त रही है। इससे दुर्भाग्य स्थिति क्या हो सकती है कि कांग्रेस को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा है। कांग्रेस ने अपने एक पराजित सेनापति को राजनांदगांव से मैदान में उतारा है। हमारे योद्धा भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय उन्हें पराजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सहयोगी के तौर पर सदन में हम सबका स्वर बनेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश में महादेव एप का ब्रांडएम्बेसेडर कौन है सब जानते हैं। हम सब भूपेश बघेल के इस बिदाई साक्षी होंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि कांग्रेस की निकम्मी सरकार को हर कोई पीड़ा देने के लिए याद कर रहा है।

# जिन्हें कांग्रेस पूछती नहीं थी उन्हें हम पूजते हैं: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प शंखनाद रैली में हुंकार भरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन मोदी गरीब का बेटा है, सिर ऊँचा करके चलता है। मोदी इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है। गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बस्तर की धरती पर भानपुरी विधानसभा क्षेत्र स्थित स्व. बलीराम कश्यप के ग्राम आमाबाल में भाजपा की महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की रक्षा देश के करोड़ों लोग करेंगे। हमने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, बिचैलियों की कमाई बंद की, तब से इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार किया। यहाँ के लोगों के साथ धोखा किया, उनकी जांच चल रही है। अपने देश को अपने परिवार को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं। मोदी कहता है भ्रष्टाचार हटाओ और कांग्रेस कहती है भ्रष्टाचारी बचाओ।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जारी रहेगी, मोदी की गारंटी है | 34 लाख करोड़ रुपये गरीबों के बैंक खातों में सीधे पहुंचा



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बस्तर में जनसंघ व भाजपा के प्रमुख स्तम्भ रहे स्व. बलीराम कश्यप की यादों को साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और इससे सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का अधिकार छीन लेता है। 2014 से पहले लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले होते थे। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से 1 रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा लोगों तक पहुंचता था। यह बात कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कही थी। तो बताओ, वह कौन-सा 'पंजा' था जो बाकी के 85 पैसे मारता था। मोदी ने कांग्रेस की लूट की ऐसी व्यवस्था बंद कर दी। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल में 34 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। दिल्ली से 1 रुपए भेजे और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए। जब सीधा पैसा जा रहा है और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो यह कांग्रेस गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपए में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लेती। आजादी के बाद कांग्रेस को देश लूटने का लाइसेंस मिल गया था। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट की लाइसेंस से कैंसिल कर दिया है और यह लाइसेंस इसलिए खत्म हुआ क्योंकि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे लाइसेंस मिला था। जब उनकी दुकान बंद हुई और उनका लाइसेंस चला गया तब मोदी को गाली देने लगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश कहाँ-से-कहाँ पहुँचा है, देश ने कितनी प्रगति की है, और उसमें आप सब का जो साथ मिला है। छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई है और आज इस विश्वास से पूरा देश कह रहा है- फिर





एक बार मोदी सरकार। श्री मोदी ने कहा कि अनेक दशकों बाद देश ने भाजपा की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। गरीब का कल्याण हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही। आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरत को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कच्ची छत के नीचे रहने की तकलीफ क्या होती है यह मोदी जानता है, जब घर में राशन नहीं होता तब एक माँ पर क्या बीतती है यह मोदी जानता है, जब दवा खरीदनी हो और दवा खरीदने के लिए घर में पैसा नहीं होते तो इसकी तकलीफ मोदी जानता है। इसीलिए हमने ठाना है कि जब तक गरीब की हर चिंता दूर नहीं होगी, हम चैन से नहीं बैठेंगे। भाजपा की सरकार ने गरीब के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ बनाईं, गरीबों को उनका हक दिया। सरकार के इन प्रयासों का नतीजा है देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बस्तर विजन से ही हमने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरुआत की। आयुष्मान आरोग्य मंदिर देशभर में गरीब को सस्ते इलाज, सस्ती जाँच का लाभ प्रमुखता से दे रहा है। यहाँ छत्तीसगढ़ में भी हजारों आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन आरोग्य मंदिरों की वजह से गरीबों को इलाज की बहुत बड़ी सुविधा मिली है, उनकी चिंता कम हुई है। 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज वाली आयुष्मान भारत योजना भी गरीबों के बहुत काम आ रही है। इस योजना से देश के करोड़ों लोगों ने इलाज कराया। हमने 11 हजार से ज्यादा जन औषधि का केंद्र खोले हैं, जहाँ 80 प्रतिशत की छूट के साथ दवाई दी जाती है। इससे भी गरीबों के 30 हजार करोड़ रुपए दवाई खरीदने में खर्च होता था, उससे बचत हुई। इसलिए आज देश का गरीब कह रहा है, खर्च कम बचत बार-बार, फिर एक बार मोदी सरकार।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा महासंकट आया- कोरोना। लोग कहते थे, भारत कैसे बचेगा? भारत के गरीबों का क्या होगा? कांग्रेस की अमीरों की सरकार के समय देश में बीमारी का टीका आने में दशकों लग जाते थे। लेकिन हमने कहा हम अपने देश के हर गरीब के साथ हैं, हम गरीबों को मुफ्त वैक्सीन भी देंगे, गरीबों को मुफ्त राशन भी देंगे। ऐसे समय में, जब दूसरे देशों में कोरोना का एक-एक टीका हजारों रुपए में लग रहा था, हमने आपको मुफ्त में टीका लगवाया। ऐसे समय में, जब दूसरे देशों में खाने के लिए हाहाकार मचा था, हमने गरीब भाई-बहनों के लिए मुफ्त में राशन की दुकान खुलवा दी। मुफ्त राशन देने की योजना हमने शुरू की और यह योजना 5 वर्षों तक आगे और चलेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रामनवमी पर्व की चर्चा करते हुए कहा कि इस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद यह सपना पूरा हुआ है। इसकी सबसे अधिक खुशी राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को होना स्वाभाविक है। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन राम मंदिर बनने से नाराज है। कांग्रेस का 'शाही परिवार' नाराज है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण कांग्रेस के नेताओं ने ठुकरा दिया। कांग्रेस के जिन नेताओं ने इस कदम को गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में पहुँचे, उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया। यह दिखाता है कि कांग्रेस




तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है उसमें भी मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस के लोगों को देश के लोगों और उनकी आस्था व भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह भाजपा की सरकार है, जो हर गारंटी को जमीन पर उतार रही है। यहाँ गरीब परिवारों, आदिवासी, पिछड़े परिवारों का घर बनना शुरू हो गया है। चुनाव के दौरान जब बूथों पर जाएंगे तो केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जिन-जिनको मिला है, उनसे बात करें और जिन्हें इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनको भी लाभ मिलेगा, इस बात की उनको गारंटी दे देना। आने वाले 5 वर्षों में जो लाभ से वंचित रह गए हैं उनको भी मोदी की सारी योजनाओं का लाभ देने वाले है। श्री मोदी ने कहा कि जो योजनाएँ बना रहे हैं, वह अधिकतर योजनाएँ माता एवं बहनों के नाम से है। मोदी ने देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गारंटी दी है। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का फैसला भाजपा की सरकार ने लिया है। वन-धन केन्द्रों से जुड़ी हजारों-लाखों बहनें भी इसमें शामिल हैं।



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जिस आदिवासी समाज का कांग्रेस ने हमेशा तिरस्कार किया, उसी आदिवासी समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति है। भाजपा ने ही छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है। आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय और अलग बजट भी भाजपा ने ही बनाया है। आदिवासी कल्याण का बजट 5 गुना बढ़ाया गया है। कांग्रेस के शासनकाल में पूरे देश में सवा सौ से भी कम एकलव्य आदिवासी विद्यालय थे। आज अकेले छत्तीसगढ़ में 70 से भी अधिक एकलव्य विद्यालय हैं।



श्री मोदी ने कहा कि आपका सपना ही भाजपा का सपना है और इसे पूरा करने के लिए हर पल देश के लिए काम कर रही है। जिसको किसी ने नहीं पूजा, उसको मोदी ने पूजा है। इसलिए जनजातियों में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए पहली बार कोई योजना बनी। 24 हजार करोड़ रुपए की पीएम जन-मन योजना से छत्तीसगढ़ के अनेक जनजातियों का जीवन आसान हुआ है, बेहतर बना है। यह मोदी की गारंटी है।

श्री मोदी ने कहा, मोदी आराम करने के लिए नहीं काम करने के लिए पैदा हुआ है। हमारा लक्ष्य देश को विकसित बनाना है, हर परिवार को समृद्ध बनाना है। इसलिए छत्तीसगढ़ के सभी सीटों पर भाजपा को पड़ने वाला आपका हर वोट मोदी की ताकत बढ़ाएगा। इसलिए बस्तर में 19 अप्रैल को महेश कश्यप को और 26 अप्रैल को काँकेर में भोजराज नाग को ज्यादा-से-ज्यादा वोट देकर विजयी बनाएं।

## विजय संकल्प शंखनाद




# आदिवासियों का समुचित विकास हो, इसके लिए भाजपा और अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया : मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भारत रत्न श्रद्धेय अटलजी की देन है, भाजपा की देन है। आदिवासियों का समुचित विकास हो, इसके लिए भाजपा और अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। भाजपा ने ही राष्ट्रपति पद पर आदिवासी समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासी समाज का सम्मान किया है। छत्तीसगढ़ और बस्तर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का लगातार लगाव बना हुआ है। बस्तर से आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत हुई जिसके कारण आज पूरा देश आयुष्मान भारत योजना के लाभ से लाभान्वित हो रहा है। वन धन केंद्र जाकर छत्तीसगढ़ के वनवासी 100 से अधिक प्रकार के वनोपज का संस्करण कर रहे हैं। आज नगरनार स्टील प्लांट की सौगात छत्तीसगढ़ को देने वाले श्री मोदी ही हैं। श्री साय ने कहा कि पिछले विधानसभा के चुनाव में मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने विश्वास करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा को जिताया और भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि तीन महीनों की अल्पावधि में मोदी की गारंटी को पूरा करने में उनकी सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार बनने के बाद पहला काम प्रधानमंत्री आवास योजना, जिसे कांग्रेस की सरकार ने रोक रखा था, उसकी स्वीकृति पहली कैबिनेट बैठक में दे दी गई। 2 वर्षों के बकाया बोनस का भुगतान 25 दिसंबर को कर दिया गया। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की शुरुआत भाजपा ने की और रिकॉर्ड खरीदी की। इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया और अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान 12 मार्च को 24.72 लाख किसानों के खातों में भेज दिया गया है। छत्तीसगढ़ की 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 प्रतिमाह देने की शुरुआत भी 10 मार्च को कर दी गई है। रामलला दर्शन योजना का वादा भी पूरा कर दिया गया है। पीएससी घोटाला की जाँच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया गया है। वनवासी भाइयों से तेंदूपत्ता की खरीदी 5,500 रु. प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी करने की घोषणा हमने कर दी है। शेष वादों को भी हम जल्द से जल्द पूरा करेंगे। श्री साय ने आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में कमल खिलाना है और श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

# 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में विश्व मंच पर भारत ने ऊँचाइयों को प्राप्त किया है : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि जब बात मोदी की गारंटी की योजनाओं की हुई तो आप सभी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। श्री देव ने कहा कि इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के मानचित्र पर भारत ने ऐसी ऊँचाइयों को प्राप्त किया है जिसमें मोदी की गारंटी सम्मिलित है। पूरे देश के कोने-कोने में गरीब और वंचितों के लिए सभी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। बस्तर के सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों के पास भी प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। इस बार छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को लेकर भाजपा कार्य कर रही है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए श्री देव ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचने से रोक रखा था और इसका परिणाम है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के वादों पर और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पुनः छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी। सिर्फ 90 दिनों में मोदी की गारंटी में जो वचन दिया था, उनमें से अधिकतर वादों को हमने पूरा कर दिया है। मोदी की गारंटी की योजनाओं पर केंद्र सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी जितनी बार बस्तर आए हैं, जितनी बार छत्तीसगढ़ आए हैं, किसी भी प्रधानमंत्री का इतनी बार छत्तीसगढ़ आना नहीं हुआ है, यह छत्तीसगढ़ के प्रति श्री मोदी के प्रेम को दर्शाता है।








## भूपेश बघेल ने किसानों के साथ अन्याय किया : अरुण साव

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी ने कहा कि श्री विष्णु देव साय जी जब से मुख्यमंत्री बने हैं तब से मोदी जी की गारंटी को एक-एक करके पूरा करने में जुटे हैं। भूपेश बघेल 4 किश्तों में धान का पैसा दे रहे थे, और आखिरी किश्त में कटौती कर रहे थे। लेकिन विष्णु देव साय जी की सरकार ने पूरा पैसा एक साथ देने का काम किया है।

## पाकिस्तान अब कश्मीर नहीं आटा मांगने लगा है : विजय शर्मा

एक समय पाकिस्तान कश्मीर मांगता था, आज आटा मांग रहा है। वो घूसपैठ किया करते थे, आज मारे जा रहे हैं। आज श्रीनगर में रात 9 बजे के बाद से लोग फिल्म देखने जाते हैं। पहले आए दिन आतंकवादी घटनाएं होती थीं, लेकिन मोदी जी ने देश की बाह्य और आंतरिक दोनों सुरक्षा को मजबूती प्रदान की है। यह पूरी स्थिति बदल गई है।

## प्रधानमंत्री जी ने दुनिया को दिया जनकल्याण का संदेशः रामविचार नेताम

दुनिया को जनकल्याण और विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आज वीर गुंडाधूर की धरती पर पधारे हैं। युवा, महिला, किसान, मजदूर सबका सम्मान इस सरकार ने किया है। यह इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में दर्ज होने जा रहा है। हम 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 के पार के लक्ष्य को जनता जनार्दन के आशीर्वाद से प्राप्त करने जा रहे हैं।

## बस्तर से शुरू होगा विजय शंखनाद : केदार कश्यप

लोकसभा चुनाव 2024 का विजय शंखनाद बस्तर से प्रारंभ हो रहा है। यहां से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो संदेश दिया है, वह देश के कोने-कोने तक पहुंचेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जिस जनहित के कार्यों पर मोहर लगा रहे हैं, उसे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की सरकार तत्परता से कर रही है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने 'महतारी वंदन योजना' का शुभारंभ किया



हमारी सरकार प्रत्येक परिवार की समग्र भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसका शुभारंभ महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान से होता है। छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज महतारी वंदना योजना शुरू की और योजना के तहत पहली किश्त का वितरण किया। यह योजना राज्य की पात्र विवाहित महिलाओं को मासिक मासिक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के रूप में 1000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ में शुरू की गई है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने, उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने, स्त्री-पुरुष समानता को बढ़ावा देने और परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए इसकी परिकल्पना की गई है।

यह योजना राज्य की सभी पात्र विवाहित महिलाओं को लाभ प्रदान करेगी जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 तक 21 वर्ष से अधिक है। विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र होंगी। योजना से लगभग 70 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मां दंतेश्वरी, मां बम्लेश्वरी और मां महामाया को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राज्य की अपनी हाल की यात्रा का स्मरण किया, जब उन्होंने 35,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने महतारी वंदना योजना की पहली किश्त कुल 655 करोड़ रुपये का वितरण कर अपना वादा पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न स्थानों से वर्चुअल रूप से जुड़ी नारी शक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया और वहां उपस्थित न हो पाने के लिए क्षमा मांगी। उन्होंने नागरिकों के कल्याण के लिए अपनी प्रार्थना भी व्यक्त की, जो उन्होंने कल रात काशी विश्वनाथ धाम में की थी। उन्होंने कहा, ''ये 1000 रुपये तुम्हें हर महीने मिलेंगे। यह मोदी की गारंटी है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब माताएं और बहनें सुदृढ़ होती हैं तो परिवार सुदृढ़ होता है और माताओं और बहनों का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है।'' महिलाओं को उनके नाम पर पक्के मकान और उज्ज्वला गैस सिलेंडर मिल रहे हैं। 50 प्रतिशत जन-धन खाते महिलाओं





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

के नाम पर हैं। 65 प्रतिशत मुद्रा ऋण महिलाओं को दिया गया है, 10 करोड़ से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं लाभान्वित हुई हैं और 1 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा करके रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने परिवार की भलाई के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर बल दिया कि महिलाओं की भलाई से ही एक स्वस्थ परिवार का निर्माण होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''हमारी सरकार हर परिवार की समग्र भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसकी शुरुआत महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान से होती है।'' उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर सहित गर्भवती महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया।



## मोदी की गारंटी का हर वादा करेंगे पूरा

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में हर महीने महतारियों को एक हजार रुपये देने का वादा था। जिसके अंतर्गत हमने प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पहली किश्त जारी की। उन्होंने कहा मैं यहां की माताओं-बहनों को बता देना चाहता हूं कि अब पहले सप्ताह में नहीं, पहली तारीख में ही हमारी सरकार महतारी वंदन योजना की राशि जारी कर देगी।**

इन चुनौतियों को देखते हुए, प्रधानमंत्री ने कई प्रमुख उपायों की घोषणा की, जिनमें गर्भवती महिलाओं के लिए मुफ्त टीकाकरण और गर्भवती माताओं की सहायता के लिए गर्भावस्था के दौरान 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता शामिल है। उन्होंने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अग्रणी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए 5 लाख रुपये तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान पर भी जोर दिया।

उचित स्वच्छता सुविधाओं की कमी के कारण पूर्व में महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों पर विचार करते हुए, प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की, ''वे दिन गए जब हमारी बहनों और बेटियों को अपने घरों में शौचालयों की कमी के कारण दर्द और अपमान सहना पड़ता था।'' उन्होंने हर घर में शौचालय उपलब्ध कराकर महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ''सरकार अपनी प्रतिबद्धताओं पर अडिग है और उनकी पूर्ति सुनिश्चित करती है।'' उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को दिए गए आश्वासनों को पूरा करते हुए महतारी वंदना योजना के सफल क्रियान्वयन पर बल दिया।



उन्होंने कहा, इसी तरह 18 लाख पक्के मकानों की गारंटी पर भी पूरी प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है। कृषि सुधारों के संबंध में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों से किये गये वादे का सम्मान करते हुए किसानों को लंबित बोनस के समय पर भुगतान का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों को समर्थन देने के सरकार के प्रयासों की सराहना की, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर 3,700 करोड़ रुपये के बोनस का वितरण भी शामिल है।

सरकार की खरीद पहल पर प्रधानमंत्री ने पुष्टि की, ''हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चावल खरीदेगी।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने 145 लाख टन चावल की रिकॉर्ड खरीद की है और किसानों के प्रति प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। यह उपलब्धि इस दिशा में मील का पत्थर है।

अंत में, प्रधानमंत्री ने समावेशी विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने में सभी हितधारकों, विशेषकर महिलाओं के सहयोगात्मक प्रयासों पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार की ओर से निरंतर समर्पण, सेवा, अपने वादों को पूरा करने और सभी के लिए प्रगति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। ।•••

# विकसित भारत

## मोदी की गारंटी

### मजबूत अर्थव्यवस्था

- 2022-23 में **कुल निर्यात 776 बिलियन डॉलर** के साथ सबसे उच्च स्तर पर
- 2014-23 के दौरान 596 अरब डालर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
- 7 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री
- दुनिया का सबसे बड़ा टैक्स रिफार्म **जीएसटी** लाए
- एनपीए और आर्थिक अपराधों में तेज गिरावट रु. 10.16 लाख करोड़ से अधिक ऋण की प्राप्ति

### डिजिटल अर्थव्यवस्था

- भारत डिजिटल लेन देन में **विश्व में नंबर एक**
- यूपीआई और रुपे- दुनिया की सबसे सफल डिजिटल पेमेंट सिस्टम बनी
- डिजिटल लेनदेन 2017-18 में 2,071 करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 13,462 करोड़ हुआ
- कोरोना में रु. **27 लाख करोड़ के विशेष आर्थिक** और व्यापक पैकेज की घोषणा
- स्टार्ट अप इंडिया भारत में 347 बिलियन अमरीकी डालर के **100 से अधिक यूनिकॉर्न**




### बुनियादी ढांचे का विकास

- देश की विद्युत उत्पादन क्षमता 248,554 मेगावाट से 70% बढ़कर 425,536 मेगावट हुई
- मेट्रो सुविधाओं का विस्तार, 5 से बढ़ाकर 20 शहरों तक किया
- **हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी** होकर 74 से हुई 149
- अब तक 80 वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू, वर्ष 2047 तक 4,500 और वंदे भारत ट्रेनें जोड़ने का लक्ष्य
- **7 IIT, 16 IIIT, 7 IIM, 15 AIIMS और 390 विश्वविद्यालय** के साथ उच्च शिक्षा में विस्तार
- 2014 के बाद से 37 किमी प्रति दिन हाईवे निर्माण (2013 में 12 किमी प्रति दिन से होता था)

### लघु उद्योगों का विकास

- रु. 1.97 लाख करोड़ की लागत से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव योजना की शुरुआत, जिसके अंतर्गत 7 क्षेत्रों में 176 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को लाभार्थी के रूप में चुना गया है।
- मुद्रा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत **27 करोड़ से अधिक महिलाओं को 68' ऋण** प्रदान किये गए।



## अंत्योदय का मूलमंत्र

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत **4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का मकान**
- स्वच्छ भारत से हुआ **12 करोड़ शौचालयों का निर्माण**
- प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए की सहायता
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत **10 करोड़ से अधिक मुफ्त रसोई गैस** कनेक्शन प्रदान किए गए
- पीएम स्वनिधि योजना से **78 लाख रेहडी पटरी वाले हुए सशक्त**

## स्वस्थ भारत

- विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत के तहत 37 करोड़ से लाभार्थियों को कवरेज
- 10 हजार +जन औषधि केंद्रों से 28,000 करोड़ रुपए की बचत
- मिशन इंद्रधनुष से 5.05 करोड़ शिशु व 1.25 करोड़ माताओं का टीकाकरण













## ग्रामीण विकास

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कुल **3,44,082 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण** किया गया
- दीनदयाल उपाध्यक्ष ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत 16,10,119 युवाों को प्रशिक्षित कर 9,95,373 युवाओं को रोजगार दिया गया।
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविकास मिशन के तहत मोदी सरकार ने **10 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वरोजगार** हेतु संगठित किया
- स्वयं सहायता के माध्यम से 3 करोड़ के लक्ष्य के साथ **एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी** बनाकर एक नया इतिहास रचा।
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 50% अनुसूचित जनजाति की आबादी वो 36,428 गावों को रु. 2,205.20 करोड़ का आवंटन किया गया।

कोविड-19 के दौरान विशाल टीकाकरण अभियान चलाकर मोदी सरकार ने भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को अभूतपूर्व ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। पिछले दशक में दवाइयों की उपलब्धता, बुनियादी सुविधा की पहंच और बेहतर इलाज की व्यवस्था से स्वास्थ्य मानकों का स्तर ऊंचा हुआ।

# अटलजी के सपनों और मोदी की गारंटी को पूरा कर रहे हैं: राजनाथ




देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साइंस ग्राऊंड में आयोजित किसान महासम्मेलन में कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही यहां पर 100 दिन में ही, जो विकास पटरी से उतर चुका था, वह विकास अब फिर से पटरी पर लौट आया है। छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया और विकास करने का काम भाजपा की सरकार ने किया था। लेकिन पिछले 5 वर्षों में यहां विकास के काम पूरी तरह से ठप हो गया था। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और घोटाले का बोलबाला था। छत्तीसगढ़ को पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस के लोगों ने बर्बाद किया है। छत्तीसगढ़ को सँवारने का सामर्थ्य भाजपा में है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हुए किसान महासम्मेलन शामिल

रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है और छत्तीसगढ़ के में लंबे अरसे के बाद आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास करेगा। छत्तीसगढ़ को हिंदुस्तान में धान के कटोरा के रूप में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के अंदर एक अद्भुत सामर्थ्य है। छत्तीसगढ़ किसानों का गढ़



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



है। हिंदुस्तान में छत्तीसगढ़ को किसानों का गढ़ माना जाता है। छत्तीसगढ़ का भाग्य हमें बनाना है तो हमें छत्तीसगढ़ के किसानों के भाग्य को बनाना पड़ेगा, तब जाकर छत्तीसगढ़ विकास की ऊँचाइयों को छू पाएगा। छत्तीसगढ़ की जनता मेहनतकश जनता है। रक्षामंत्री श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के चप्पे-चप्पे से वह परिचित हैं। छत्तीसगढ़ी संस्कृति से वह अच्छी तरह से परिचित हैं। किसान भाइयों की मेहनत से यह भारत धनवान होगा छत्तीसगढ़ की जनता के सामर्थ्य पर उन्हें भरोसा है। विकास को आप सबके सहयोग से भाजपा की सरकार फिर से आगे बढ़ाएगी। किसानों में वह सामर्थ्य है कि मिट्टी से सोना निकाल सकता है। भाजपा की सरकार कंधे से कंधे मिलाकर देश के किसान भाइयों के साथ खड़ी है। 2014 से पहले भाजपा की प्रतिबद्धता रही है- गांव-गरीब और किसान, झुग्गी, झोपड़ी का इंसान, बेरोजगार नौजवान और देश की माता और बहनों का सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान भाइयों के लिए काम हो रहे हैं और आज हालात पूरी तरह से बदलते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस प्रकार से योजनाएँ बनाई हैं, उसके चलते हिंदुस्तान की 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से बाहर आ गई है।

## 'मोदी की गारंटी' ही हमारी गारंटी है : साय



भाजपा किसान मोर्चा के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा किसानों की पार्टी है और भाजपा हमेशा किसानों के हित में फैसला लेने वाली पार्टी है। देश में कई वर्षों से कांग्रेस की सरकार रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी किसानों के हित के लिए कोई काम नहीं किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री बनते ही किसानों के हित के लिए फैसले लिए। किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषक योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को उन्नत करने का काम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किया जिसे आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने अभी ढाई महीने ही हुए हैं, इन ढाई महीनों में भाजपा की प्रदेश सरकार ने मोदी की गारंटी की बड़ी-बड़ी घोषणाओं को पूरा करना प्रारंभ कर दिया है। 14 दिसंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों को बनाने की स्वीकृति दे दी है, 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन प्रदेश के 12 लाख किसानों को पिछले 2 वर्षों के धान का बकाया बोनस का भुगतान भी कर दिया है। इस वर्ष प्रदेश के किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी रूपये 3100 प्रति क्विंटल की दर से की गई है। किसानों को धान के अंतर की राशि 12 मार्च को दी गई। प्रदेश के 24.72 लाख किसानों के खातों में धान के अंतर की राशि दे दी जाएगी। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70.14 लाख महिलाओं को प्रतिमा रूपये 1000 भाजपा की सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप देने जा रही है। छत्तीसगढ़ की जनमानस को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन की योजना का भी शुभारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ वासियों को भगवान राम लाल के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं। मोदी की गारंटी में जितने भी वादे हैं, उन सभी वादों को जल्दी पूरा कर दिया जाएगा।



## किसानों को समर्पित मोदी की गारंटी : किरणदेव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं का महासम्मेलन है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है पिछले 5 सालों में कांग्रेस की सरकार ने किसानों से झूठा वादा करके किसानों को परेशान करने का काम किया। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र 'मोदी की गारंटी' के अनुरूप किसानों के समग्र विकास एवं न्याय के लिए काम करेगी। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में घोषणा की थी कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों के कल्याण की दिशा में काम करेगी।

भाजपा जो कहती है उसे करके दिखाती भी है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही प्रदेश के किसानों के खाते में 3,712 करोड रुपए का भुगतान जमा हुआ, 3100रुपए प्रति क्विंटन की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी पर भरोसा करते हुए प्रदेश की जनता-जनार्दन ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाई है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार बनते ही भाजपा के वादों पर तेजी से काम शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ऐसी कई कल्याणकारी योजनाएँ गाँव-गरीब, किसान, समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए लागू की हैं।

## किसानों का संकल्प- मोदी की सरकार ही बनाएंगे : चाहर

भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता का विराट स्वरूप इस महासम्मेलन में दिखाई दे रहा है। जबसे उत्तरप्रदेश में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला के मंदिर की प्रण-प्रतिष्ठा हुई है, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। आज दुनिया में हर तरफ भगवान श्री राम के नाम की जय हो रही है। श्री चाहर ने कहा कि आज पूरे देश की जनता छत्तीसगढ़ की जनता को धन्यवाद दे रही है कि 5 वर्षों में ही पुनः भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है। यह किसान मोर्चा का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों की भलाई के लिए केंद्र की सरकार काम कर रही है और उन्हीं किसानों के लिए राजधानी रायपुर में यह महाकुंभ आयोजित किया गया है जिसमें किसानों की उपस्थिति यह बता रही है कि फिर एक बार भाजपा की सरकार मोदी की सरकार बनने वाली है। अब देश के किसान और देश के अन्नदाता संकल्प कर चुके हैं कि केंद्र में मोदी की सरकार बनाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के किसान खुशहाल हैं।

## कांग्रेस पार्टी ने कभी गाँव-गरीब और किसानों की चिंता नहीं की : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के गाँव-गरीब, किसान जिस प्रकार से नए उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ के बेहतरीन विकास का रास्ता देख रहे हैं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार गाँव-गरीब और किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। देश में 70 वर्षों से कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी गाँव-गरीब और किसानों की चिंता नहीं की। 1990 से पहले न तो कोई गांव में विकास होता था, ना ही कोई गरीब के लिए कोई योजना बनाई जाती थी और ना ही किसानों का की कोई चिंता कोई सरकार करती थी। जब केंद्र में भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार बनी, तब देश के गाँव-गरीब और किसानों की बेहतरी के लिए काम शुरू हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना लाकर गाँव का विकास किया।

## भाजपा की सरकार किसानों की सरकार होती है : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसान महासम्मेलन में आए किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार किसानों की सरकार होती है। भाजपा की सरकार गरीबों की सरकार होती है और जब-जब भाजपा की सरकार बनती है, तब तक काम किया जाता है। पहले देश के किसान साहूकारों के चक्कर में पड़े रहते थे। जब अटलबिहारी वाजपेयी ने देश की बागडोर संभाली। तब किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को मजबूत करने का काम किया। यह सौगात किसानों को अटलजी की सरकार ने दी। फसल का आकलन अब गाँव में होता है, यह काम भाजपा की सरकार ने किया है। छत्तीसगढ़ में किसानों की ब्याज दर को शून्य करने का काम भाजपा की सरकार ने ही किया था। वर्तमान में विष्णुदेव साय की सरकार है जिसने किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदना शुरू कर दिया है और उसका पूरा भुगतान एकमुश्त कर रहे हैं।

## 'मोदी की गारंटी' सभी वादों को साय सरकार पूरा कर रही : नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जय-जवान, जय-किसान, जय-विज्ञान, जय-अनुसंधान का नारा देते हुए कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हम सबका उत्साहवर्धन के लिए और छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए आज उपहार देने के लिए आए हैं। वे हम किसानों को बोनस का पैसा देंगे, दो साल का पिछला बकाया बोनस का पैसा हम लोगों ने दिया। अभी और उनके खाते में 13 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा जमा होने वाला है। 'मोदी की गारंटी' में जो-जो वादे हमने किए हैं उन सभी वादों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार पूरा कर रही है। ।•••

## मंथन



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# संगठन की ताकत ही है, एक सामान्य कार्यकर्ता हो सकता है सीएम: यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां मोहन यादव जैसा सामान्य कार्यकर्ता मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाता है और यदि इससे भी बड़ा उदाहरण देखना है तो नरेंद्र मोदी से बड़ा उदाहरण और क्या होगा जहां एक चाय वाला विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुखिया प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होता है और ना सिर्फ प्रधानमंत्री बनता है अपितु प्रधानमंत्री के रूप में भारत के गौरव को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाने में अपना सर्वस्व लगा देता है। श्री यादव मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के सभागार में रायपुर लोकसभा की कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि हम सभी का समर्पण मां भारती के गौरव निर्माण के लिए है, इसे विश्वगुरु बनाने के लिए है। हम सभी के दायित्व भिन्न हो सकते हैं परंतु लक्ष्य सभी का एक ही है। हम सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा और मध्यप्रदेश से 29 की 29 सीटों से लोकसभा सांसद बनाकर दिल्ली भेजना हमारी जिम्मेदारी है और इस लक्ष्य को हासिल करने हम सभी को पार्टी द्वारा प्राप्त दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के पूर्व से ही उनका छत्तीसगढ़ से नाता रहा है। पहले भी छत्तीसगढ़ आना-जाना रहा है और आगे भी हमारे संबंध इसी तरह प्रगाढ़ बने रहेंगे।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि निश्चित ही मुख्यमंत्री श्री यादव के निर्देशों और सुझावों का हम पूर्णरूपेण पालन करेंगे। श्री अग्रवाल ने कोर कमेटी सदस्यों की तरफ से श्री यादव को आश्वस्त किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर भव्य और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ का योगदान सभी 11 सीटों का, मतलब शत-प्रतिशत होगा।




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव का एकात्म परिसर पहुँचने पर प्रदेश के मंत्री श्री अग्रवाल, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, जिला अध्यक्ष जयंती पटेल सहित विधायकों और जिला पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रायपुर लोकसभा कोर कमेटी की बैठक में संबोधन से पहले मुख्यमंत्री श्री यादव ने सभी विधायकों व प्रमुख पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने क्लस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत से लोकसभा चुनाव संबंधी जानकारियां एकत्रित की। विधायक मूणत और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चुनाव संबंधी विभिन्न जानकारियों का पूर्ण विवरण मुख्यमंत्री श्री यादव को दी। मुख्यमंत्री श्री यादव ने दुर्ग और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। ❙●●●

**एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ली लोकसभा कोर कमेटी सदस्यों की बैठक**

# समाज के समग्र विकास के पैरोकार थे हेमचंद यादव

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय हेमचंद यादव हमेशा अपने बेबाक विचार के लिए सबके बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे। वह कार्यकर्ताओं को हमेशा परिवार के सदस्य की तरह अपनत्व प्रदान करते थे। 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान दुर्ग विधानसभा से पहली बार सदस्य निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद उन्होंने फिर से दुर्ग विधानसभा से विजय हासिल करके तात्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के मंत्रिमंडल में (2003-2008) जल संसाधन, खेल युवा कल्याण कैबिनेट मंत्री का दायित्व निर्वहन किया। उन्होंने 2008 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की और तीसरी बार (2008-20013) डॉ रमन सिंह जी के मंत्रिमंडल में सहभागी बने। डॉ रमन सिंह जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। नकल मुक्त परीक्षा के साथ ही विद्यार्थियों के हित में उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर चुके श्री हेमचंद यादव का जन्म स्व. रामलाल यादव जी के यहां एक दिसम्बर 1958 को हुआ। किसान परिवार से आने वाले श्री यादव छात्र जीवन से ही अत्यंत मेधावी रहे। 1987 में भाजपा वार्ड अध्यक्ष, 1991 में युवा मोर्चा अध्यक्ष, 1992 में सह भाजपा अध्यक्ष, 1997 में जिला भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किये गये। मंत्री के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों में जिम्मेदारी संभाली। हेमचंद यादव विषम परिस्थितियों में खुद को साबित करने में दक्ष थे। वह हमेशा अपनी राजनीतिक विचारधारा के लिए समर्पित रहे हैं। वह सच्चे अर्थों में अंत्योदय के उपासक थे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी के प्रयासों से दुर्ग में स्थित विश्वविद्यालय का नामकरण श्री हेमचंद यादव जी की स्मृति-प्रेरणा में किया गया है।




1 दिसम्बर 1958 - 11 अप्रैल 2018

## राज्य के विकास में अहम भूमिका निभाईः प्रेम प्रकाश पांडे

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय कहते हैं कि हेमचंद जी ने दुर्ग ही नहीं अपितु संपूर्ण छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके संगठनात्मक कौशल और कुशाग्रता का उदाहरण दिया जाता है। उन्हें जब 1993 में दुर्ग विधानसभा से टिकट दी गई थी वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे लेकिन संगठन के आग्रह पर चुनाव लड़कर भाजपा को स्थापित किया। उन्होंने 1998 में मध्यप्रदेश विधानसभा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वह संसदीय मामलों के अच्छे जानकार थे। कभी –कभी मुझे भी उनसे कुछ मसलों पर सलाह लेनी होती थी तो वह बेहतर सुझाव के लिए हमेशा तैयार होते थे। उनमें राजनीतिक गंभीरता गजब की थी। सबके प्रिय होने के नाते वे सर्व स्पर्शी, सहज, सरल व्यक्तित्व के रूप में हम सबके स्मृतियों में सदैव रहेंगे।

## हेमचंद यादव सुचिता के सच्चे उपासक थे : शर्मा

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उनके साथ बिताये हुए दिनों को याद करते हुए कहते हैं कि हेमचंद यादव जी जो सोचते थे वही कहते थे। वह जिन विषयों पर कार्य करना चाहते थे, उनकी दृष्टि स्पष्ट होती थी। इसलिए उनके द्वारा प्रस्तावित विषयों की स्वीकार्यता बहुत अधिक थी। एक वाक्या साझा करते हुए श्री शिवरतन शर्मा बताते हैं कि भाटापारा शाखा नहर की निर्माण प्रक्रिया 1976 से लंबित थी लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही उन्होंने इस परियोजना को 2004 में पूर्ण करने का आदेश दिया। इससे उनकी संवेदनशील सोच भी स्पष्ट होती है। उन्होंने जो संकल्प लिया था उसे पूर्ण करके ही रहते थे। हमेशा आम जनों के बीच उनके मुद्दों के साथ खड़े रहते थे। वह सीमित संसाधन में जीवन यापन करना पसंद करते थे। सामाजिक जीवन में वह शुचिता को नई ऊंचाई दी।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्ट-अप महाकुंभ का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्ट-अप महाकुंभ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने स्टार्ट-अप महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डाला और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के रोडमैप पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ दशकों में सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र में भारत की छाप छोड़ने का उल्लेख किया और नवाचार तथा स्टार्ट-अप संस्कृति के उभरते रुझानों को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्ट-अप जगत के लोगों की उपस्थिति आज के अवसर के महत्व



को दर्शाती है। देश में स्टार्ट-अप की सफलता पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने उस मौलिक प्रतिभाशाली तत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया जो उन्हें सफल बनाता है। उन्होंने निवेशकों, इनक्यूबेटरों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग के अग्रणी सदस्यों और वर्तमान एवं भविष्य के उद्यमियों की उपस्थिति को स्वीकारते हुए कहा कि वास्तव में यह महाकुंभ अभूतपूर्व ऊर्जा और जीवंतता का निर्माण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे खेल और प्रदर्शनी स्टॉलों का दौरा कर रहे थे, तो उन्हें इसी भावना का अनुभव हुआ। इन स्टॉलों पर लोगों ने बड़े गर्व से अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप महाकुंभ में आने वाला कोई भी भारतीय भविष्य के यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न का साक्षी बनेगा। प्रधानमंत्री ने सही नीतियों के कारण देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास पर संतोष व्यक्त किया। समाज में स्टार्टअप की अवधारणा के प्रति शुरुआती अनिच्छा और उदासीनता का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत समय के साथ नवोन्मेषी विचारों को मंच मिला।

## 1 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में फैली लगभग एक लाख करोड़ रुपये की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। आज हरियाणा के गुरुग्राम में तकनीक के माध्यम से देशभर से लाखों लोग इस आयोजन से जुड़े। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित करने की संस्कृति से लेकर देश के अन्य हिस्सों में बड़े कार्यक्रम आयोजित करने की संस्कृति में बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज देश ने आधुनिक कनेक्टिविटी की दिशा में एक और बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ऐतिहासिक द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का लोकार्पण करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा के अनुभव को हमेशा के लिए बदल देगा और "न केवल वाहनों में, बल्कि क्षेत्र के लोगों के जीवन में भी बदलाव लाएगा।"



## प्रधानमंत्री को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया

टेंड्रेलथांग, थिम्पू में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भूटान के राजा द्वारा भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी पहले विदेशी नेता हैं जिन्हें ये प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया है। भूटान के राजा ने दिसंबर 2021 में ताशीछोडजोंग, थिम्पू में आयोजित भूटान के 114वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान ये पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की थी। ये पुरस्कार भारत-भूटान की मित्रता को सुदृढ़ करने में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान और उनके जन केंद्रित नेतृत्व को मान्यता देता है। इसके प्रशस्ति पत्र में उल्लेख है कि ये पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत के उभार का सम्मान करता है और भारत के साथ भूटान के विशेष बंधन को सेलिब्रेट करता है।





विष्णुदेव साय

# हर चेहरे पर मुस्कान और आंगन खुशहाली का सपना

अपना सामाजिक जीवन पंच से प्रारंभ करने से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्य मंत्री और अब मुख्यमंत्री के दायित्व पर आने के बाद भी, हर नए दायित्व पर आने के समय स्वयं से यह पूछता रहा हूं कि आखिर यह दायित्व मुझे क्यों मिला है, या इसकी सार्थकता क्या है? हर बार स्वयं से यही जवाब मिलता रहा है कि अगर आपने अपने कार्यों से किसी एक चेहरे पर भी मुस्कान लाने का कार्य किया, अगर एक व्यक्ति का जीवन भी आपके कारण सकारात्मक रूप से थोड़ा सा भी बदल पाया, तो समझिए कि आपने सच्चा न्याय किया अपने दायित्व के साथ। मुझे याद आ रहा है, जब विधायक-सांसद के रूप में सरगुजा के तब के दुर्गम क्षेत्रों में प्रवास करता था, और कहीं दस-पांच लोग सड़क पर जंगली फूलों का गुलदस्ता लेकर स्वागात करने खड़े रहते थे, तब भी यही सोचता था कि क्या इनकी उम्मीदों को थोड़ा सा भी हम कभी पूरा कर पायेंगे? इनके जीवन में थोड़ा सा भी बदलाव लाने का अपना सपना साकार होगा?

आज मुख्यमंत्री के रूप में तीन माह पूरा करने के बाद लगता है कि जरा सा कुछ तो कर पाया ही है बेहतर। निस्संदेह 90 दिन किसी सरकार के कार्यकाल को मापने के लिए काफी छोटा सा समय होता है, इतने कम समय में आप स्वयं का भी मूल्यांकन नहीं कर सकते हैं, अच्छे परिणाम के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी पड़ती है, किंतु कुछ चीजें ऐसी थी जिनके लिए हम प्रतीक्षा नहीं कर सकते थे। देश में हर सेक्टर प्रतीक्षा कर सकता है लेकिन अन्नदाता प्रतीक्षा नहीं कर सकते, हमारी महतारी प्रतीक्षा नहीं कर सकतीं अब, वे युवा प्रतीक्षा नहीं कर सकते थे जिनकी मेहनत को चुरा कर कोई और ले गया था, जिनके सपनों को किसी और ने बेच दिया था। वे सपनों से भरी आंखें वास्तविक न्याय के लिए तरस रही थी। और सबसे बड़ी बात प्रतीक्षा वह टूटा हुआ भरोसा नहीं कर सकता था, जिसने यह मान लिया था कि राजनीति में वादे हैं, वादों का क्या। लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत होती है 'भरोसे' की, वही दरक सा गया था। जनता यह सोचने लगी थी कि वादे तो बस चुनाव जीतने के लिए होते हैं, उसके बाद कोई मतलब नहीं होता है घोषणा पत्र के रूप में छपे शब्दों का। प्रदेश की जनता के इस टूटे हुए भरोसे की बहाली, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा दिए गारंटी का सम्मान ही सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसका सामना करने में हमारी सरकार जी-जान से, अनथक श्रम कर, परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ जुटी रही इन तीन महीनों में।

शपथ लेने के महज कुछ घंटों के भीतर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय, पंद्रह दिनों के भीतर किसानों के धान का बकाया बोनस, जिसे पिछली सरकार ने वादे करने के बावजूद नहीं दिए थे, वह 3700 करोड़ से अधिक की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजना, रिकॉर्ड 147 लाख मिट्रिक टन की धान खरीदी, प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए की दर से खरीदी, पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच समेत ऐसे अनेक गारंटी हमने पूरी की, जिसका वादा हमने किया था। इसके अलावा अनेक ऐसी चीजें भी हमने की, जिसका वादा तो नहीं किया था, पर उससे अधिक करने की नीयत थी। जैसे – पीडीएस के अनाज को मुफ्त कर देना, पीएम आवास के लिए रेत मुफ्त उपलब्ध कराना, 'नियद नेल्ला नार' योजना से आदिवासी क्षेत्रों के विकास कैम्पों के आसपास के गावों तक विकास पहुँचाना, 400 यूनिट तक बिजली हाफ समेत अनेक कल्याणकारी निर्णय लेकर अधिक से अधिक करने की सफल कोशिश इन दिनों करने का संतोष है। इसी तरह सुशासन विभाग का गठन कर हमने सरकार को जनता से अधिक करीब लाने की पहल की है।

हमारे लिए सुशासन का अर्थ कोई अबूझ सी कोई चीजें नहीं हैं बल्कि विशुद्ध सरल शब्दों में कहें तो सबके लिए भोजन की पर्याप्त उपलब्धता, सबको पीने का साफ पानी, सबके लिए पक्का घर, हर व्यक्ति को सुगम इलाज, सबको सहज शिक्षा, आगे बढ़ने के समान एवं पर्याप्त अवसर, सबको रोजगार, सभी की सुरक्षा है, अर्थात् सबका साथ, सबका विकास। हमारी सरकार की सारी कवायद महज इसी लक्ष्य को पाने की है। मोदीजी की जनकल्याणकारी युग प्रवर्तक योजनायें और उसे धरातल पर पूरी तरह उतारने की अपनी नीयत के साथ डबल इंजन की यह सरकार अपने हर लक्ष्य का संधान कर लेगी, यह विश्वास तो निस्संदेह इन तीन महीनों में दृढ़ हुआ है।

उपरोक्त तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद, या यूं कहें कि इसी के कारण छत्तीसगढ़ अपना जीडीपी 5 लाख



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...






करोड़ से दुगना कर 10 लाख करोड़ करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसा करने के लिए सबसे आवश्यक तत्व है हमारी ईमानदारी और निष्ठा। हम आतंक और भ्रष्टाचार, इन दोनों के प्रति अत्यधिक असहिष्णु होंगे, सबसे अधिक विचलित मुझे भ्रष्टाचार की घटनायें ही करती आयी हैं, हम यह कतई नहीं होने देना चाहेंगे कि हमारे प्रदेश के नौनिहालों के हिस्से का दूध कोई हड़प ले। अगर प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई का सौ रुपया रायपुर से निकलता है तो वह भरतपुर सोनहत से सुकमा तक, कुनकुरी से कोंटा तक सौ रुपया ही पहुंचे, न कि वह रास्ते में ही हड़प लिया जाकर जनता तक 15 रुपया पहुँचे जैसा कि एक पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था। मोदीजी की डीबीटी प्रणाली से हमने किसानों और महतारी वंदन आदि के भुगतान में इसे सुनिश्चित भी किया है। हर कीमत पर न केवल हर लीकेज रोकने के प्रति हम कृतसंकल्प हैं, बल्कि इस बात के प्रति भी वचनबद्ध हैं कि जनता का पैसा हड़पने वालों को सलाखों के पीछे भेज कर ही दम लेंगे।

मोदीजी के आह्वान के अनुरूप विकसित भारत बनाने में जिन राज्यों का सबसे अधिक योगदान रहना है, छत्तीसगढ़ उनमें से एक होगा, यह हमारी सरकार की गारंटी है। गरीब, युवा, किसान और नारी इनका विकास कर प्रदेश और देश का विकास करना ही वह लक्ष्य है जिसका प्रकटीकरण हमारी सरकार के पहले बजट में हुआ है। 2047 में जब अपना देश आज़ादी की शताब्दी मना रहा होगा, तब विकसित भारत की अपनी यात्रा में छत्तीसगढ़ अव्वल रहेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। इससे संबंधित एक विजन डॉक्युमेंट हम प्रदेश के इसी स्थापना दिवस पर लाने वाले हैं, जिसमें हमारे अल्प, मध्यम और दीर्घकालीन लक्ष्यों का विस्तृत ब्यौरा होगा।

लोकनायक भारत रत्न अटलजी ने जब 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था, तब इस आदिवासी बहुल प्रदेश को बनाने के पीछे उनका जो सपना था, उसी का ज़िक्र ऊपर किया गया है। मेरे लिए यह अत्यधिक सौभाग्य की बात है कि जिस छत्तीसगढ़ को अटलजी ने बनाया है, उसे संवारने का दायित्व नियति ने हमें सौंपा है। हम परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए, सत्ता को वास्तविक रूप से सेवा का माध्यम बना कर अपने दायित्व का सम्यक् निर्वहन करेंगे, छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर हम मां भारती के पुरा वैभव की पुनर्स्थापना के मोदीजी के यज्ञ में हम सहभागी होंगे ही, पिछले तीन माह में यह भरोसा और अधिक दृढ़ हुआ है। ये 90 दिन महज इसी विश्वास की फिर से बहाली के रहे हैं। ।●●●



# छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का होगा चुनावः प्रदेशाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि जनता ने भाजपा को सुशासन, संवेदनशीलता, सेवा और संस्कार का प्रतिसाद देने का मन बना लिया है और सभी 11 सीटों पर रिकॉर्ड बहुमत से भाजपा को जीत मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के बचे हुए दोनों टापू भी इस बार भाजपा की सुनामी में डूबने वाले हैं। भाजपा कार्यकर्ता इस बार कोरबा और बस्तर में भी जीत का परचम फहराने वाले हैं। श्री देव ने कहा कि प्रदेश का एक-एक भाजपा कार्यकर्ता कार्यकर्ता 'अबकी बार 400 पार' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्राण-पण से जुटा हुआ है। छत्तीसगढ़ की जनता और हमारे 40 लाख निष्ठावान कार्यकर्ता 11 सीटों के रूप में इस चुनाव में मोदी जी को अपना शत प्रतिशत समर्थन और सहयोग देने वाले हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा किए जाने के बाद एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की चुनावी तैयारी विधानसभा चुनाव पूर्ण होने के दूसरे दिन से ही आरंभ हो गई थी। भाजपा सभी चुनावों को गंभीरता से लेती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की समझदार जनता भाजपा को पूरी 11 सीटें देकर एक व्यापक, चमत्कारिक जनादेश देने जा रही है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को राज्य की जनता ने हाथो-हाथ लिया है और पूरे राज्य में अभूतपूर्व संतोष और खुशी का माहौल है।

## लोकसभा की चुनावी तैयारियों में हम सबसे आगे : शिवरतन शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए गर्व और संतोष का अनुभव हो रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता और नेतागण बूथ से लेकर प्रदेशस्तर तक की सभी चुनावी तैयारियों में दिन-रात एक कर रहे हैं। सभी अनुभवी नेताओं और देव-दुर्लभ कार्यकर्ताओं से अपील है कि "अबकी बार 400 पार" के लक्ष्य को प्राप्त करने तक एक क्षण के लिए भी रुकें नहीं, थकें नहीं। श्री देव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प है कि जिस तरह से देश ने हाल ही में दो बार दीवाली मनाई, उसी तरह से हम दो बार होली भी मनाएंगे। लोकसभा चुनाव में 400 पार करने की संकल्प की सिध्दि के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कामाख्या तक भाजपा का परचम लहराना होगा और पूरे प्रदेश की जनता और कार्यकर्ता एकमत होकर, एकजुट होकर इस काम में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ प्रवास होगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सभाएं लेकर प्रचार करेंगे। पार्टी की चुनावी तैयारियों की विस्तार से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव की दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ को तीन कलस्टरों में विभाजित कर प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति की। इसी प्रकार संभाग प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्तियां की गई है। श्री शर्मा ने कहा कि आचार संहिता लगने से पहले ही पूरे 11 प्रत्याशियों की घोषणा होने का बाद लोकसभा क्षेत्रों एवं विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हो चुका है। सभी लोकसभा प्रत्याशियों का अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में सघन दौरा प्रारंभ हो चुका है। लोकसभा चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से 37 कमेटियों का गठन किया गया है। चुनाव सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चुनाव प्रबंधन संयोजक व सह प्रबंधकों की नियुक्ति हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 10 वर्ष के एवं भाजपा की प्रदेश सरकार के 3 माह के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में तीन-तीन प्रचार रथ चलेंगे। |•••


भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



# कर्मयोग से ही मोदी जी जैसे नेतृत्व का सृजन होता है : अजय जम्वाल




भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। हमारा नारा है- अबकी बार 400 पार, और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना है। विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की है, इसके लिए मैं सभी साथियों को विधानसभा चुनाव की ऐतिहासिक जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। यह आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत है और छत्तीसगढ़ की जनता का आशीर्वाद है। उसी तरह देश की जनता आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति और भी ज्यादा विश्वास प्रकट कर रही है। श्री जम्वाल ने कहा कि हमें अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है और पार्टी के लिए कार्य करना है। हमें एक बार फिर कड़ी मेहनत करनी है तभी अबकी बार 400 पार होंगे।

आज हमें यह संकल्प लेना है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करनी है। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की थी कि हमारी सभी योजनाओं का लाभ हर बूथ तक पहुँचे। हमें हर बूथ में 370 वोट प्लस करना है। लाभार्थियों से कहना है कि देश के प्रधानसेवक ने आप सभी को अपना प्रणाम भेजा है और इसके लिए हमें एक निश्चित कार्य योजना बनाकर कार्य करना है।

## फिर एक बार, मोदी सरकार अबकी बार 400 पार : साव

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में मुखरता और प्रखरता से भाजपा ने नारे लगाए और भाजपा के नारे को जनता ने स्वीकार किया, और आज जब लोकसभा का चुनाव हो रहा है तब पूरा देश एक ही नारा लगा रहा है- फिर एक बार, मोदी सरकार; अबकी बार 400 पार। जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में 'अऊ नई सहिबो बदल के रहिबो' का नारा जनता ने स्वीकार किया, उसी तरह अबकी बार 400 पार का नारा जनता स्वीकार कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री साव रविवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय के सभागार में पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ।•••

# सौ दिनों में सबकी उम्मीदों को पूरा किया : साय

भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियों को तेजी से अमलीजामा पहनाने में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा के सभी सात मोर्चों की कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आहूत संयुक्त बैठक हुई जिसमें प्रदेश व केंद्रीय नेताओं ने चुनावी रणनीति पर मार्गदर्शन देकर कार्यकर्ताओं से कमर कसकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए आह्वान किया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से सघन जन सम्पर्क और जन संवाद करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर अपने संबोधन की शुरुआत में भाजपा में प्रवेश करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में अभिनंदन है। श्री साय ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद कभी भी हो सकता है। छत्तीसगढ़ के सभी 11 संसदीय क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के नाम घोषित हो गए हैं और अब कार्यकर्ताओं को कटिबद्ध होकर छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए परिश्रम करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को 10 वर्ष हो गए हैं और इन 10 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा की सरकार ने देश में चहुँमुखी विकास और जनकल्याण के कार्य करके अनेक उपलब्धियों से देश का माथा गर्व से ऊँचा किया है।

**कांग्रेस अब एक परिवार की पार्टी है : किरण देव**

**प्रदेश सह प्रभारी नबीन ने कहा -सभी के श्रेष्ठ कार्य किया है**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सन 2014 में भाजपा को 282 सीटें मिलीं और फिर सन 2019 में जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री श्री मोदी पर विश्वास करते हुए 303 सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर अपना आशीर्वाद दिया। इस बार के चुनाव में हम सबको 'चार सौ पार' का लक्ष्य लेकर केंद्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए कार्य करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही लगातार बड़े-बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। पहली ही कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, जो कांग्रेस सरकार ने रोक दिया था, के लिए राज्यांश की घोषणा कर दी गई। 12 लाख किसानों के खाते में 3,716 करोड़ रुपए धान के दो वर्षों के बकाया बोनस का भुगतान कर दिया गया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की 3100 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गई। इस वर्ष रिकॉर्ड 1.45 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कुल 24 लाख 72 हजार किसानों से की गई। धान की अंतर की राशि का भुगतान आगामी 12 मार्च को कर दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना के तहत चुनाव से पहले प्रदेश की 70 लाख 14 हजार महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए (सालाना 12 हजार रु.) दिया जाएगा और जो माताएं बहने महतारी वंदन योजना का फॉर्म किसी कारणवश नहीं भर पाई या कोई छूट गई हों तो वह भी फिर से फॉर्म भरकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। प्रधानमंत्री आवास बनाने





के लिए सभी लाभार्थियों को निःशुल्क रेत भी दी जाएगी। प्रदेश के युवाओं के साथ हुए छल को देखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार ने पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई को सौंप दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पहचान नीति और सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से होती है। यहां जो कार्यकर्ता बैठे हुए हैं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों को निचले स्तर पर ले जाकर लेकर जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 5 वर्षों से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता सिद्ध हुए हैं। श्री आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी गंभीरता के साथ नीचे स्तर तक जाना है। विधानसभा चुनाव में भाजपा के कार्यक्रमों को जनता ने आशीर्वाद दिया। सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से छत्तीसगढ़ में 54 सीटों के साथ भाजपा की सरकार बनी। जीत का यह सिलसिला निरंतर जारी रहे। भाजपा जो कहती है, वह करती है और हमने करके दिखाया भी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी से काम कर रही है। कांग्रेस की सरकार ने तो छत्तीसगढ़ को कंगाल करके छोड़ दिया था। कांग्रेस के पास न तो नीति है और न ही नियम है।

प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन कहा कि यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ का चुनाव फार्मूला राष्ट्रीय स्तर का चुनाव फार्मूला बन रहा है। अब लोकसभा चुनाव का अवसर आया है तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतनी है, इस बार छत्तीसगढ़ का रिजल्ट शत-प्रतिशत भाजपा के पक्ष में हो, इसके लिए कार्यकर्ता तैयार हो जाएँ। कार्यकर्ताओं को मंडल स्तर पर सक्रिय करना है, और अभी से मैदान में उतरना है। हमें मैदान में पूरी तैयारी के साथ उतरना है। हमारे सभी कार्यक्रम निश्चित ही पूरे होने चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ की चर्चा होती है, यह छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं की लिए गौरव की बात है। श्री नबीन ने कहा कि राजनीति में कभी शॉर्टकट को जगह नहीं देनी चाहिए। शॉर्टकट को अलग रखकर काम करना चाहिए। हमें पार्टी के कार्यों को प्रदेश के पूरे 35 जिलों में करना है। इसके साथ ही किए गए कार्यों का आकलन भी करना है। छोटी-छोटी बैठकें करके अलग-अलग समाज के लोगों को भाजपा से जोड़ना है। उन सभी विधानसभा क्षेत्रों तक भी पहुँचना है जहां पर भाजपा को कम अंतर से जीत मिली हो।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पहले राजनीतिक दल अपने परिवार को अपने भाई अपने भतीजे अपने बेटे को स्थापित करने के लिए काम करते



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

थे लेकिन नरेंद्र मोदी जी की सरकार है जो केवल देश की विकास के लिए काम कर रही है। 'फिर एक बार, मोदी सरकार'; 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाते हुए श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाकर श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में 46 प्रतिशत वोट शेयर के साथ छत्तीसगढ़ के 54 विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल करने के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए श्री साव ने कि अब आगामी लोकसभा चुनाव में और अधिक परिश्रम करना है और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनानी है।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। हमारा नारा है- अबकी बार 400 पार, और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना है। इस दृष्टि से संगठन के कार्य और दायित्वों का चुस्त-दुरुस्त होकर निर्वहन करना है। जनता के बीच जाकर उनसे सघन सम्पर्क और संवाद करना है। श्री जम्वाल ने कहा कि देश की जनता आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति और भी ज्यादा विश्वास प्रकट कर रही है। लेकिन हमें अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है और पार्टी के लिए कार्य करना है। हमें एक बार फिर कड़ी मेहनत करनी है तभी अबकी बार 400 पार होंगे। आज हमें यह संकल्प लेना है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करनी है। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की थी कि हमारी सभी योजनाओं का लाभ हर बूथ तक पहुँचे।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को 10 लाभार्थियों और 200 परिवारों से सम्पर्क करना है। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 250 दीवारों पर लेखन कार्य करना है और उसे सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर अपलोड करना है। 10घरों में भाजपा का झंडा लगाने का अभियान में शामिल होना होगा। विकसित भारत संकल्प सुझाव कार्यक्रम के तहत 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सुझाव लेकर उसे सुझाव पेटी में संग्रहित करना है और नमो एप पर अपलोड करना है। सभी मोर्चों की कम-से-कम दो बैठकें जिला स्तर पर रखी जाएँ। ।•••

समाचार कमल

# भाजपा ने किया 'मैं हूँ मोदी का परिवार' अभियान की शुरुआत






भारतीय जनता पार्टी ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर प्रदेश कार्यालय में 'मैं हूं मोदी का परिवार' कैंपेन का शुभारंभ किया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशियों ने मैं हूं मोदी का परिवार कैम्पेन लॉन्च किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सभी लोकसभा प्रत्याशी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भरतलाल वर्मा, जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने मैं हूं मोदी का परिवार कैंपेन के शुभारंभ पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की डंका बज रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री निवास प्रवेश पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने आवास में जाने से पहले छत्तीसगढ़ के ऐसे लोग, जो आवास विहीन हैं, उनको आवास दिलाने का संकल्प व्यक्त किया था।



**कवर्धा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने भव्य चुनावी रैली को संबोधित किया।**

## सदैव भ्रष्टाचार की जननी और पोषक है कांग्रेस : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट का मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी को लेकर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप को निराधार और मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है जो अरविंद केजरीवाल के शराब नीति का विरोध करने के लिए बड़ी-बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थी, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बड़े-बड़े बयान दिए थे। जब मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई थी तब भी कहा था कि यह भ्रष्टाचार का मामला है मनीष सिसोदिया से किसी को सहानुभूति रखने की जरूरत नहीं है। तो अब क्या हुआ कांग्रेस का स्टैंड क्यों बदल गया? क्या इनके बीच कोई सौदा हुआ है? या फिर कोई कोई लेनदेन हुआ है कि जिस बात के लिए जो विरोध करते थे अब उसके समर्थन में राहुल गांधी पोस्ट कर रहे हैं सचिन पायलट को इस चीज का जवाब देना चाहिए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कांग्रेस के तो डीएनए में भ्रष्टाचार रचा-बसा है। आपदा को भी अपने भ्रष्टाचार के लिए अवसर बनाने में कांग्रेस कितनी माहिर है, इसे छत्तीसगढ़ ने पिछले पाँच वर्षों के कांग्रेसी कुशासन में देखा-सुना और भोगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा ने जो वादा किया था, प्रदेश में सरकार बनते ही अपने 100 दिनों के कार्यकाल में उसमें से अधिकांश वादे पूरा करके प्रदेश सरकार 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है और जनता के आशीर्वाद से भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश की सभी 11 सीटें जीतकर लोकसभा में 'अबकी बार 400 पार' का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए जन-जन तक पहुँच रहे हैं।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह का ग्यारह सीट हमारा लक्ष्यः नितिन नबीन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसकर परिश्रम करने का आह्वान करते हुए कहा है कि पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनावी प्रबंधन में कोई कसर बाकी नहीं रखें और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिलाने के लिए कृत-संकल्पित हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का हर स्तर पर सम्मान किया है और अब प्रदेश के कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे प्रदेश की सभी 11 सीटों पर भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री श्री मोदी को भेंट करें।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने प्रबंधन समिति को के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इसी चुनाव प्रबंधन समिति ने विधानसभा चुनाव का काम भी सम्हाला था और उसमें काफी सफलता भी अर्जित हुई थी। उस दौरान जो कमियाँ रह गई थीं, उन्हें दूर करके अब लोकसभा चुनाव में सभी 11 लोकसभा सीटें भाजपा की जोली में डालनी है। श्री जम्वाल ने भाजपा की गठित सभी समितियों के सुझाव भी लिए और आने वाली दिक्कतों से पार पाने के उपाय भी बताए। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि निर्धारित समय में दीवार लेखन करना है, जिसमें मुख्यमंत्री से लेकर छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी। कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन 10 लाभार्थी परिवारों से व 200 लाभार्थियों से मुलाकात करने का लक्ष्य पूरा करना है। हर घर में झंडा अभियान भी पूर्ण करना है। इसी प्रकार विकसित भारत संकल्प सुझाव संग्रहण अभियान के तहत 15 मार्च तक प्रबुद्ध नागरिकों से सुझाव एकत्रित करना है।

# महापौर ने कांग्रेस से व्यथित हो भाजपा की ली सदस्यता




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के समक्ष जगदलपुर के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के समर्थन आयोजित नामांकन रैली ने नगर निगम की महापौर सकीरा साहू ने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान नगर निगम के वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद यशवर्धन राव, सहित नेहा ध्रुव, श्वेता बघेल, मालिक राम नाग ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इसी तरह से अविनाश सिह गौतम, अजय सिंह, भरत कश्यप सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारियों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रवेश किया। कोरबा लोकसभा के पाली में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में विधिवत भाजपा प्रवेश किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं से प्रभावित होकर प्रवेश करने वालों में जिला व जनपद पंचायत सदस्य, पार्षदगण, कांग्रेस पदाधिकारी, महिलाएं एवं हजारों की संख्या में लोग शामिल है। सभी को बीजेपी का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई गई।

## आप के प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा का दामन थामा

आ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष कांकेर में आयोजित नामांकन रैली के दौरान आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कोमल हूपेंडी भाजपा में अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए।



वहीं, बालोद विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से बागी होकर विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी मीना सत्येंद्र साहू सहित उनके समर्थकों ने भी भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान कई संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाजपा का दामन थामा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। वहीं, महासमुंद की नामांकन रैली सभा में राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव के शिष्य देवकर साहेब ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा प्रवेश किया।

# जनता का विश्वास अपार अबकी बार 400 पारः साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाकर विश्वस्तरीय पहचान दिलाने वाले विश्व के लोकप्रिय जननायक, मां भारती के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का शंखनाद हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भरोसा करते हुए जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार को प्रदेश की सत्ता से बेदखल कर साबित कर दिया है देश और प्रदेश का विकास, भाजपा की सरकार के कार्यकाल में ही साकार होगा।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मोदी जी की दी हुई गारंटी वाली महत्वपूर्ण वायदों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने महज 100 दिन के भीतर पूरा करके दिखाते हुए बता दिया है कि भाजपा की सरकार जो कहती है वही करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार ने 100 दिन के भीतर किसानों को 3100 रुपये की दर से धान खरीदी की। अंतर की राशि प्रदेश के सभी किसानों को एकमुश्त प्रदान किया है।

## किसानों के हक छिनने में माहिर है कांग्रेसी : शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसकी पिछली भूपेश सरकार के शासनकाल में 854 फर्जी किसान बनाकर प्रधानमंत्री सम्मान निधि के करोड़ों रुपए डकार ले गए। यह देश का पहला ऐसा मामला है जिसमें कांग्रेसियों ने फर्जी किसान खड़े कर दिए। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जिस तरह से जनकल्याणकारी, किसानों के हित की योजनाओं तक को अपने लिए घपले-घोटालों के अवसर के तौर पर इस्तेमाल करके गरीबों, किसानों और प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डाला और सरकारी खजाने में सेंधमारी करके छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बना रखा था, उसकी अब बड़ी बारीकी से जाँच करके तमाम भ्रष्टाचारियों को सींखचों के पीछे डालने का वक्त आ गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि बेमेतरा जिले की बेरला तहसील के बारगांव में 1456 किसानों में 854 के फर्जी होने की शिकायत का सामने आना निश्चित ही गंभीर मामला है। ये फर्जी किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाले सालाना 6,000 रुपए लेकर केंद्र सरकार को चपत लगा रहे हैं।

## जिस दीया में तेल नहीं वहां कांग्रेसियों का खेल नहीं : बृजमोहन अग्रवाल

शिक्षा, धर्मस्व पर्यटन मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ दौरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो खुद अपनी उड़ान उड़ा नहीं पाएं वो छत्तीसगढ़ को उड़ानें आ रहें हैं। जो खुद लोकसभा चुनाव लड़ने तैयार नहीं हैं वो दूसरे को लोकसभा चुनाव लड़ाने आ रहें हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पहले ही कांग्रेस को नकार दिया है अब इन तिल में तेल नहीं बचा है। कांग्रेस पार्टी का कोई भी नेता चुनाव नहीं लड़ना चाहता है सचिन पायलट की मेहनत यहां बेकार जाएगी।

कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट उस विमान के पायलट बनकर उड़ान भरने आ रहे हैं जिसमें कोई सवार ही नहीं होना चाह रहा हैं। और खुद प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर चुके हैं क्योंकि वो यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि कांग्रेस इस बार दहाई का आंकड़ा छू ले तो भी बहुत बड़ी बात होगी...? ऐसा लगता हैं हार की जिम्मेदारी लेने से सारे कांग्रेसी नेता डर गये हैं इसलिए तो सचिन को पायलट बनाकर छत्तीसगढ़ में ऐसे विमान को उड़ानें भेजा गया है जिसमें कोई भी सवार नहीं है जो संभावित राजनैतिक तौर पर क्रैश होने के डर से अपनी - अपनी जान बचाने इधर उधर भाग रहे हैं। पांच साल छत्तीसगढ़ में सत्ता सुख भोगते हुए कांग्रेसी घोटाले और भ्रष्टाचार करके मस्त रहें जनता ने इनको कुर्सी से उतार दिया। लोकसभा प्रत्याशी श्री अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सुपड़ा विधानसभा की तरह साफ होना तय है और हार का ठीकरा पायलट पर ही फूटेगा।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# भूपेश को प्रस्तावित पराजय का भय सता रहा : शर्मा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि अपनी ही पार्टी में स्वीकार्यता के लिए संघर्ष कर रहे भूपेश बघेल बेहद असफल नेता साबित हो रहे हैं, उनकी राजनांदगांव लोकसभा सीट से हार तय है। इस हार के लिए भूपेश बघेल स्वयं जिम्मेदार हैं। पिछले पाँच सालों में सरकार में रहते हुए भूपेश ने जिस तरह छत्तीसगढ़ की दुर्दशा की, छत्तीसगढ़ में अराजकता फैलाई और छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटने का काम किया, उसी का परिणाम अब सामने आ रहा है। उनकी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उनकी कारगुजारियों को उजागर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो नेता अविभाजित मध्य प्रदेश और राज्य बनने के बाद मंत्री रहा हो, पांच साल तक अपनी पार्टी का और उसके बाद पांच वर्ष तक मुख्यमंत्री रहा हो, ऐसे नेता की प्रदेश भर में लोकप्रियता और स्वीकार्यता स्वतः ही बन जाती है। ऐसा नेता किसी क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहे तो पार्टी के दूसरे नेता अपनी सीट उनके लिए छोड़ने को तैयार हो जाते हैं, लेकिन भूपेश बघेल ने पिछले पांच साल में सत्ता का जिस तरह से दुरुपयोग किया है, बड़े नेता तो दूर पार्टी के एक कार्यकर्ता ने सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महा सचिव ने भूपेश और मित्रों के खिलाफ पौने छह करोड़ का पार्टी का फंड गबन करने का आरोप लगा दिया, वहीं एक अन्य पदाधिकारी पत्र लिखकर उनकी टिकट रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ऐसी स्थिति कभी किसी बडे नेता के खिलाफ नहीं देखी गई कि उनकी पार्टी के लोग आला कमान से ऐसे व्यक्ति को दिया गया टिकट रद्द करने की मांग करें।

# नव नियुक्त भाजपा लोकसभा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन का हुआ स्वागत



भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी व बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन जी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन में हम लोकसभा के सभी 11 के 11 सीटों पर विजय हासिल करेंगे। इस लक्ष्य को पूरा करने हम सब कार्यकर्ताओं को और अधिक तन्मयता के साथ जुटना होगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, वन विकास निगम के पूर्व अध्क्षय श्रीनिवास राव मद्दी, जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, पूर्व जिला अध्यक्ष ददन तिवारी, पूर्व प्रदेश मंत्री निरंजन सिन्हा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संजय पांडेय सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## तब असंतोष, अब संतोष से ही भूपेश की विदाई : भरत लाल वर्मा

भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी से जनता में असंतोष व्याप्त था जिसके कारण प्रदेश की जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त देते हुए कांग्रेस को सत्ता से भी बेदखल किया। जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की है वह हास्यप्रद है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े घोटाले करने वाली कांग्रेस पार्टी को जनता ने जिस तरह से विधानसभा चुनाव में सबक सिखाया उससे कांग्रेस पार्टी अभी तक सीख नहीं ले पाई है जिसके कारण कांग्रेस पार्टी और उसके नेता उल जुलूल बयान बाजी करके छत्तीसगढ़ की जनता को फिर से भ्रमजाल में फसाने की कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता भली-भांति समझ चुकी है। प्रदेश के युवाओं के भविष्य को महादेव एप में फंसा कर बर्बाद करने वाली कांग्रेस पार्टी के बहकावे में आने वाली नहीं है। भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा ने कहा कि राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की योजनाओं से विकास के कार्य हुए हैं छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने तो विकास के नाम पर केवल छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े घोटाले किए हैं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के विकास में नए आयाम गढ़े हैं।

समाचार कमल

## कांग्रेस में कांग्रेसी ही सुरक्षित नहीं : नारायण चंदेल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सच नहीं बोलने के लिए एक तरह से भूपेश बघेल ने अघोषित रूप से आपातकाल लागू कर रखा है। राजनांदगांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भूपेश बघेल को उनके सामने ही मंच से कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दाऊ ने उपेक्षा करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से सुरेंद्र दाऊ को धमकियां मिलने लगी है। ऐसे में उन्हें पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

भाजपा ने कहा लोकतंत्र की दुहाई देने वाले भूपेश बघेल अपनी ही पार्टी में जब तक सत्ता में थे तो उन्होंने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की। आज जब वे अपनी पीड़ा भूपेश बघेल को सुना रहे हैं तो ऐसे में वे उनकी आवाज को दबाने के लिए कार्यकर्ताओं को धमकियां तक दिलवा रहे हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने 5 साल के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं को लेकर चलने के बजाए दलालों और भ्रष्ट अधिकारियों को मोहरा बनाकर प्रदेश की जनता को सरेआम लूटने का काम किया। जिसे छत्तीसगढ़ की जनता के साथ-साथ कार्यकर्ता भी जान चुके हैं। यही कारण है कि भूपेश बघेल जब राजनांदगांव में चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क कर रहे हैं तो उन्हें जनता की नाराजगी झेलनी पड़ रही है।

## राजनांदगांव में भूपेश ने अपनी हार मानी : संजय श्रीवास्तव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के खिलाफ दायर याचिकाओं को रद्द कर दिया हो और याचिकाकर्ताओं पर जुर्माना भी ठोका है, तब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ईवीएम को लेकर प्रलाप करके अपनी हताशा का प्रदर्शन करने पर उतारू हो गए हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इसी ईवीएम से निकले जनादेश से कभी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने वाले बघेल आज ईवीएम पर उंगली उठाकर दरअसल अभी से अपनी तयशुदा हो चुकी हार के कारण और बहाने ढूँढ़ने में लग गए हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक रूप से इतनी दिवालिया हो चुकी है कि एक ओर जहाँ प्रदेश अध्यक्ष तक को भ्रष्टाचार व कन्या छात्रावास की सरकारी जमीन हथियाकर कांग्रेस कार्यालय और दुकान बनाकर अपने चहेतों को औने-पौने दाम पर बेचने के आरोपों से घिरे अपनी पार्टी के एक पूर्व मंत्री और विधायक से मात खानी पड़ गई! वहीं दूसरी तरफ खुद पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को राजनांदगाँव से अपनी उम्मीदवारी से उपजे पार्टी कार्यकर्ताओं के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है।

# भारत रत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी सम्मानित हुआ सम्मान



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने श्री लालकृष्ण आडवाणी जी के निवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू भी उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा - **'श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित होते देखना बहुत खास था। यह सम्मान हमारे देश की प्रगति में उनके स्थायी योगदान की मान्यता है। सार्वजनिक सेवा के प्रति उनका समर्पण और आधुनिकता को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।'** बधाई!

## निवेदन

दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं। फोन से भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**कार्यकारी संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छत्तीसगढ़), फोन : 0771-2233500, Email : mydeepkamal@gmail.com


# विकसित भारत

## मोदी की गारंटी



### सांस्कृतिक कायाकल्प

- ❖ काशी विश्वनाथ कारिडोर का उद्घाटन किया गया, जिससे घरेलू पर्यटकों की संख्या में 10 गुना बढ़ी
- ❖ उत्तराखण्ड चारधाम महामार्ग विकास परियोजना
- ❖ उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया
- ❖ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को **जनजातीय गौरव दिवस** के रूप में मनाने से आदिवासी समुदाय को सम्मान मिला।
- ❖ कश्मीर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा **शारदा मंदिर का उद्घाटन**
- ❖ कंबोडिया में हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार








### विज्ञान व अनुसंधान

- ❖ डिजिटल इंडिया से बदल रहा है भारत का स्वरूप, घर-घर में हो रहा इंटरनेट से शिक्षा और रोजगार का सृजन
- ❖ बहुत ही कम समय में 2 मेड **इन इंडिया कोरोना वैक्सीन** का निर्माण
- ❖ कोविन प्लेटफार्म के माध्यम से वैक्सीन वितरण में समानता और पहुंच आसान हुई।

फिर एक बार
मोदी सरकार





**कमल का बटन दबायें** **विकसित भारत बनायें**

RNI No.CHHHIN/2004/13926

डाक पंजी. क्रमांक : छ.ग./रायपुर संभाग/78/2023-25



